CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

बरेली, रविवार 29 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 9 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री असीम अरुण ने उठाए सवाल पेज 2



धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर खेल टाइम्स



अब अगला नंबर क्यूबा का: डोनाल्ड ट्रम्प पेज 11



अल्लू अर्जुन ने किया 23 साल का फिल्मी सफर पूरा बॉलीवुड

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए इसे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया और 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश, व्यापार और निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। इससे किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि उनकी भूमि के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी है और अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जहां सड़क, रेल और हवाई परिवहन का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया गया है। कार्गो हब प्रारंभिक चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत के लगभग 85 प्रतिशत विमान एमआरओ सेवाओं के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी व्यय होता है। जेवर में बनने वाली यह सुविधा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और अब यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वर्ष 2003 में स्वीकृत यह परियोजना लंबे समय तक लंबित रही, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से इसे गति मिली और आज यह धरातल पर उतर सकी है।

■ विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को मील का पत्थर बताया

## यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र : योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारू है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितम्बर को हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बातचीत केवल मोदी और ट्रम्प के बीच थी: एलन मस्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रम्प के साथ अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रम्प के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा कि हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10:54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खामी का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी। सभी संबंधित एजेंसियों को घटना की जानकारी दे दी गई है और विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

# भारत के दो और जहाज होर्मुज से हुए सुरक्षित पार

## जंग के कारण ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गए हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बिना रुकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग-अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे-धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर देश आ चुके हैं।

इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश पहुंच चुके

### अबू धाबी में ईरान के मिसाइल हमले, पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी घायल

**अबू धाबी।** अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मलबा गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं। कार्यालय ने बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक अवरोधित किए जाने के बाद गिरा मलबा तीन स्थानों पर आग लगने का कारण बना। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुआ, जिससे कुल घायलों की संख्या छह हो गई है।

# ईरान जंग में हूती विद्रोही भी हुए शामिल

## इजरायल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन/सना।** यमन में हूती बलों ने कहा है कि उन्होंने ईरान, लेबनान, इराक और फलस्तीनी क्षेत्रों पर हमलों के जवाब में इजरायल के सैन्य ठिकानों पर 2000 किमी की दूरी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

संघर्ष शुरू होने के बाद यह इजरायल पर उनका पहला हमला है। हूती के हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने अल-मसीरा टीवी के हवाले से कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक घोषित उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जाता और प्रतिरोध के सभी मोर्चों पर आक्रमण बंद नहीं होता। इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक मिसाइल को मार गिराया। ये हमले ब्रिगेडियर सरी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि हूती इस संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि संवेदनशील इजरायली सैन्य ठिकाने उनका निशाना होंगे। रात के दौरान बीर शेबा सहित कई इलाकों और इजरायल के प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सायरन बजे, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले जारी रखे। हूती 2014 से यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखते हैं और अब तक अमेरिका-इजरायल संघर्ष से मोटे तौर पर बाहर रहे थे। इजरायल की सेना ने कम से कम एक मिसाइल को रोकने की पुष्टि की है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध में हूती हस्तक्षेप से लाल सागर के पास एक नया मोर्चा खुलने की आशंका बढ़ गई है।



■ कहा: मकसद पूरा होने तक हमला जारी रहेगा

### अलगाववादी नेता शब्बीर को मिली बेल

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश (एनआईए) प्रशांत शर्मा ने उन्हें एक लाख रुपये के जमानत बॉन्ड और एक लाख रुपये की सिक्योरिटी बॉन्ड पर रिहा किया। शब्बीर शाह 2019 से हिरासत में थे।

# 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जाएगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। यह कदम जीईएम के माध्यम से इसी प्रकार की खरीद प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है। व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है। इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

■ सेना ने ऐतिहासिक घटनाक्रम में जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है।

इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए. अंबरासु, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की यात्रा बोली प्रक्रिया से शुरू होकर करीब छह साल में पूरी हुई है और कंपनी ने तय समय से 11 महीने पहले डिलीवरी कर दी है। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा सात साल से अधिक की थी, लेकिन कंपनी अगले तीन वर्षों में पूरे ऑर्डर को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



■ डिलीवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप

# मैनाठेर बवाल मामला: डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। यह घटना 6 जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। एक युवती से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। महिलाओं द्वारा कुरान के अपमान का आरोप लगाए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया। उग्र भीड़ ने तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार सिंह (वर्तमान में एडीजीपी) को घेर लिया। उनकी पिस्टल छीन ली गई और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। जान बचाने के लिए डीआईजी पास के पेट्रोल पंप के कमरे में छिपे, लेकिन भीड़ ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाल लिया और हमला जारी रखा। इस घटना में डीआईजी सहित 10 पुलिसकर्मी और कुल 18 लोग घायल हुए थे। उपद्रवियों ने पुलिस वाहनों और चौकी में तोड़फोड़ कर आगजनी भी की थी। पुलिस ने इस मामले में 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से 25 को गिरफ्तार किया गया। तीन आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि छह नाबालिगों के मामले अलग चल रहे हैं। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने 16 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत परिसर में भावुक माहौल देखने को मिला।

■ उग्र भीड़ ने डीआईजी अशोक कुमार को पिस्टल छीनकर बेरहमी से पीटा था

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में 10 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है।

### कृषि अनुसंधान संस्थान की कक्षाएं ऑफलाइन चलेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित अपने 25 मार्च की पिछली सूचना वापस ले ली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले की सूचना की समीक्षा के बाद, आईसीएआर- आईएआरआई ने अगले ही दिन अपने परिसर में सभी कार्य सुचारु रूप से बहाल कर दिए थे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली उड़ान का हुआ संचालन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया।

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है। जेवर स्थित यह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा। इससे न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि पर्यटन और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। लखनऊ के लिए पहली उड़ान शुरू होने से राजधानी और पश्चिमी यूपी के बीच यात्रा अब और आसान हो जाएगी। इससे व्यापार, प्रशासनिक गतिविधियों और आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक चरणबद्ध तरीके से अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट्स शुरू की जाएंगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। जेवर का नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रतीक बनता जा रहा है।



उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ के लिए रवाना हुए

### अंबेडकर जयंती पर बसपा के शक्ति प्रदर्शन की तैयारी


**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख मायावती 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। बसपा के सूत्रों की मानें, तो इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक में होगा, जहां मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकती हैं। बैठक में बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार आकाश आनंद को संगठन मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को धार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अगस्त 2025 में राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने के बाद मायावती पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि आकाश आनंद को प्रदेश में अहम भूमिका दी जाएगी।

# यूपी में 29 मार्च से एक अप्रैल तक बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताते हुए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च की देर शाम या रात से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 30 मार्च को चरम पर रहेगा और 1 अप्रैल तक जारी रह सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक का प्रभाव देखने को मिलेगा। 1 अप्रैल को पश्चिमी यूपी में मौसम साफ होने लगेगा, जबकि पूर्वी यूपी के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने 29 से 31 मार्च के बीच कई जिलों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर हवा की गति झोंकों में 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 29 मार्च तक अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जबकि इसके बाद 31 मार्च तक इतनी ही गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके बाद फिर तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि पकी हुई फसलों की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थानों पर रखें।



आईएमडी ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई

# कुछ फाइलों को दबाने के लिए दुनिया के सामने युद्ध का सहारा

वाराणसी, वार्ता

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने अंतर्राष्ट्रीय हालात और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध जैसे हालात के पीछे कुछ महत्वपूर्ण फाइलों को दबाने की मंशा हो सकती है।

शनिवार को काशी पहुंचे नासिर हुसैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पांडेयपुर स्थित एक होटल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात. चीत में केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। ईरान, इजरायल और अमे. रिका के बीच बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय और सोशल मीडिया की बहस से प्रतीत होता है कि कुछ खास फाइलों को दबाने के लिए युद्ध का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष की कोई ठोस पूर्व तैयारी नहीं दिखती और इसे अचानक शुरू किया गया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी देश इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन भी इस मामले में पूरी तरह साथ नहीं दे रहे हैं। नासिर हुसैन ने देश में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और पेट्रोल-डीजल के लिए लग रही लंबी कतारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश ईंधन आयात करता है, फिर भी भविष्य के संकट से निपटने की ठोस तैयारी नहीं की गई है।



कांग्रेस नेता सांसद नासिर हुसैन केन्द्र पर बरसे

## मुख्य अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी

# अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री नाराज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान अफसरों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर से दिशा निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन कन्नौज में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई देरी ने प्रशासनिक कार्यशैली और समयबद्धता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। अंततः स्थिति में सुधार न होते देख उन्हें कार्यक्रम स्थल से वापस लौटना पड़ा। इस घटना को लेकर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा है कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष या पद के अपमान का नहीं, बल्कि कार्य-संस्कृति में व्याप्त लाप. रवाही का प्रतीक है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मुख्य अतिथि कोई आम नागरिक होता, तो क्या इस देरी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता। क्या हर नागरिक के समय का मूल्य समान नहीं है? क्या पद पर बैठे लोगों को दूसरों का समय नष्ट करने का नैतिक अधिकार है। हालांकि घटना के बाद जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से मिलकर माफी मांगने और लिखित रूप में खेद व्यक्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने समर्थकों और सहयोगियों से किसी प्रकार के प्रदर्शन या आंदोलन से बचने की अपील की और कहा कि इस घटना को एक सीख के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो कार्य-संस्कृति में व्याप्त अधकच्चेपन और लाप. रवाही को तत्काल समाप्त करना होगा। समयबद्धता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।



असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारी रहे अनुपस्थित

### समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है

जापान, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है, जिसे भारत में भी अपनाने की आवश्यकता है। असीम अरुण ने देश के नेतृत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता समयबद्धता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर इस सांस्कृतिक बदलाव को जमीन पर उतारा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश बनने की पहली शर्त विकसित नागरिक बनना है और इसके लिए व्यक्तिगत व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि 'लेट-लतीफी' जैसी आदतें न केवल व्यक्तिगत असुविधा का कारण बनती हैं, बल्कि देश के विकास की गति को भी प्रभावित करती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 74207.24
निफ्टी 23002.15
सोना 152000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 237000 प्रति किलो



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 बनेगा नया मानक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट्स में शामिल होने जा रहा है। यहां निर्मित टर्मिनल-1 न केवल आकार और क्षमता के लिहाज से बड़ा है, बल्कि तकनीकी नवाचार और यात्री सुविधाओं के मामले में भी नया मानक स्थापित करेगा।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एलसी3 (चूना-मिट्टी-सीमेंट मिश्रण) तकनीक से किया गया है। यह लो-कार्बन निर्माण सामग्री पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती है, जिससे यह परियोजना इको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है।करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैले टर्मिनल-1 में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तेज और सहज अनुभव मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ 9.9 इमिग्रेशन काउंटर उपलब्ध रहेंगे, जिससे समय की बचत और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। घरेलू उड़ानों के लिए 10 एयरोब्रिज और 2 बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था की गई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 2 एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट उपलब्ध होंगे। यह विभाजन संचालन को व्यवस्थित और कुशल बनाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न हो। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रति घंटे लगभग 30 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा एयरपोर्ट की वार्षिक कार्गो हैंडलिग क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित की गई है, जो इसे एक मजबूत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर किया

### ई-सिगरेट तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, 2,073 प्रतिबंधित यूनिट्स जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी कार्य बल (एएनटीई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिनकी भारतीय बाजार में कीमत 27 लाख रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जांच 25 मार्च को तब शुरू हुई जब एक अधिकारी को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, ष्एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करते हुए टीम ने दुकान के 25 वर्षीय मालिक ऋत्विक बहल को उसके ग्रेटर कैलाश स्थित घर से पकड़ा, जहां से 20 और ई-सिगरेट बरामद की गईं। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने आपूर्तिकर्ता हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय जीशान उर्फ जस्सू के बारे में बताया। पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 10 रुपये गिरकर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 15 रुपये सस्ता हुआ और 2,797 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 160 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल 90 रुपये और उड़द दाल 56 रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव 47 रुपये और मूंग दाल का 24 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 221 रुपये फिसल गई। मूंगफली तेल 193 रुपये और वनस्पति 102 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 79 रुपये और सरसों तेल में सात रुपये की गिरावट देखी गई। सोया तेल 49 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी 17 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपये, मसूर काली 8050.33 रुपये, मूंग दाल 10173.12 रुपये, उड़द दाल 10787.15 रुपये, तुअर दाल 11168.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपये और चावल 3852.10 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.78 रुपये और गुड़ 4991.02 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपये, मूंगफली तेल 18698.00 रुपये, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपये, सोया तेल 14527.26 रुपये, पाम ऑयल 13241.65 रुपये और वनस्पति 14690.16 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मत्स्य कोष को 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की अतिरिक्त सहायता

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया ने विश्व व्यापार सगठन (डब्ल्यूटीओ) के मत्स्य कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान किया है। यह जानकारी डब्ल्यूटीओ की आधिकारिक वेबवाइट पर एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आस्ट्रेलिया की सरकार ने डब्ल्यूटीओ फिश फंड (मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र) में 20 लाख अस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसका उद्देश्य विकासशील और सबसे कम विक. सित सदस्य देशों को 'मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते' को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मई 2023 में इस कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डालर का योगदान किया था। डब्ल्यूटीओ के 2022 के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य उद्योग-व्यापार पर एक आंशिक समझौता अपनाया गया था, जिसमें गैर-कानूनी, बेहिंसाब और अनियमित मछली पकड़ने पर सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसमें किसी एक समुद्री क्षेत्र से मछली पकड़ने की अतिशय क्रियाओं का आंशिक समाधान भी शामिल है। क्षमता से अधिक गतिविधियों और जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने से जुड़ी सब्सिडी पर बातचीत अभी भी चल रही है, जहां भारत अपने छोटे मछआरों के हितों को लेकर चिंतित है। भारत का कहना है कि विकासशील देशों को उस समस्या के लिए सजा न दी जाए, जिसे ज्यादातर विकसित देशों ने पैदा किया है। भारत चाहता है कि सभी देशों को एक पलड़े पर तौलने की बजाय और 'सबके लिए एक जैसा' प्रतिबंध लगाने की बजाय जिम्मेदारी से मछली पकड़ने का कारोबार करने वाले देशों के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार किया जाए, सब्सिडी हटाने के लिए विकासशील देशों के लिए समय-सीमा लम्बी रखी जाए और संवेदनशील मछुआरा समुदायों के लिए सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं।

# न्यायपालिका पर 'सेटिंग' का आरोप लगाने के लिए माफी मांगें रेखा गुप्ता: आप

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी ने न्यायपालिका के लिए 'सेटिंग' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को देश से माफी मांगने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता राखी बिडलान ने कहा कि देशवासियों को भारतीय न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है और श्रीमती गुप्ता ने 'सेटिंग' का आरोप लगाकर इस विश्वास का कत्ल किया है। जब अदालत में भाजपा के झूठे षड्यंत्र का नकाब उतर गया तो बौखलाहट में वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं हैं, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं से सेटिग के चलते वह मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री के बयान से सहमत है और क्या अदालत से सेटिग कर आप नेताओं के खिलाफ फैसले कराए गए? उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक संवैधानिक पद को संभालते हुए अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बात कही और देश की न्यायपालिका तथा सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ 'सेटिंग' जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। न्यायपालिका के संदर्भ में इस शब्द का प्रयोग करने के लिए मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की न्यायपालिका पर 140 करोड़ लोगों का अटूट विश्वास है। भारत की न्यायपालिका बहुत ही गहनता और बारीकी के साथ हर एक मामले पर विचार-विमर्श करके अपना फैसला सुनाती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, लेकिन उनमें से श्रीमती गुप्ता को ही मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके पास तीन या चार बार विधायक होने का कोई अनुभव नहीं है। पार्षद रहते हुए भी उन्होंने कोई ऐसा ऐतिहा. सिक काम नहीं किया, जिससे उन्हें दिल्ली- एनसीआर या देश में भारी लोकप्रियता मिली हो। वे भाजपा के किसी शीर्ष पद पर भी आसीन नहीं थीं। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा में उनकी पूर्ण रूप से सेटिग थी। इसी वजह से इतने वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने श्रीमती गुप्ता समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य पदाधिकारियों से पूछा कि क्या वे अपनी मुख्यमंत्री द्वारा न्यायपालिका के प्रति इस्तेमाल किए गए इस हल्के शब्द से सहमत हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज तक भाजपा के लोग न्यायाधीशों के साथ सेटिंग करके ही आप जैसे मजबूत विपक्षी दल के नेताओं पर मुकदमे दर्ज करवाते आए हैं और उनके खिलाफ फैसले दिलाते आए हैं या फिर सेटिग करके ही श्रीमती गुप्ता जैसी अनुभवहीन महिला को मुख्यमंत्री पद पर बैठाते आए हैं?

अदालत में भाजपा के झूठे षड्यंत्र का नकाब उतर गया

# अप्रैल में बिजली उपभोक्ताओं पर फिर बढ़ेगा बोझ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अप्रैल माह में एक बार फिर झटका लगने के आसार हैं।

ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि के चलते प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क में 2. 42 प्रतिशत की कमी की गई थी, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये की राहत मिली थी, हालांकि अब अप्रैल में यह राहत खत्म होती दिख रही है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क को अप्रैल 2026 के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा, जिसकी दर 2.14 प्रतिशत तय की गई है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने ईंधन अधिभार वसूली के फार्मूले पर सवाल उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग से इसकी जांच कराने की मांग की है। परिषद का कहना है कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से अधिक वसूली और औसत बिलिग दर के आधार पर की गई वसूली के मामलों को लेकर उसकी लड़ाई जारी है। वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस है।



# अस्पताल में खामियां मिलने पर भड़के प्रभारी मंत्री

## मरीजों से पूछा हाल, जमीनी हकीकत जानने निकले केपी मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक का दौरा पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। बछरायूं से लेकर धनौरा तक उन्होंने विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की जमीनी हकीकत खुद मौके पर पहुंचकर देखी और जहां कमी मिली, वहीं सख्त निर्देश भी दिए।

प्रभारी मंत्री के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को दौरे की शुरुआत बछरायूं स्थित निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निरीक्षण से हुई। यहां प्रभारी मंत्री ने निर्माण कार्य की बारीकी से जांच की। फायर फाइटिंग सिस्टम को लेकर विशेष सख्ती दिखाते हुए उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि सुरक्षा में कोई लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी। आईसीयू की खिड़कियों में खामियां मिलने पर नाराजगी जताई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। साथ ही जून तक हर हाल में कार्य पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने को कहा।इसके बाद प्रभारी मंत्री मंडी धनौरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, ब्लड लैब और दवा काउंटर का निरीक्षण किया। मरीजों से सीधे बातचीत कर पूछा दवा सही मिल रही है या नहीं? मरीजों ने बताया कि दवाएं मुफ्त मिल रही हैं। हालांकि अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति ठीक न मिलने पर मंत्री जी का रुख सख्त हो गया। उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों को ऐसा महसूस होना चाहिए कि सरकारी अस्पताल भी किसी निजी अस्पताल से कम नहीं हैं। इसके बाद प्रभारी मंत्री नगर पालिका की मलिन बस्ती पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर जाकर हकीकत जानी और पात्र लोगों को स्वीकृति प्रमाण पत्र भी बांटे। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई और योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर जोर दिया। इससे पूर्व शुक्रवार देर शाम उन्होंने बछरायूं के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया था। यहां उन्होंने छात्राओं से आत्मीय संवाद किया, उनके सपनों को जाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को पुस्तकें देकर स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की और कहा कि हर बेटी पढ़ेगी तो देश आगे बढ़ेगा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की अपील भी की। विद्यालय की अनुशासन और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, डीएफओ राजीव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, अधिशासी अभियंता, एई संदीप कुमार, एक्सईएन गिरीश कुमार, पीडब्ल्यूडी के बलजीत सिंह, अधिशासी अधिकारी,बछरायूँ सीएमएस डॉ. रंजना सिंह, डॉ. राहुल कुमार, सभासद दुलीचंद गिहार, दिवेश तंवर, सुनील प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# स्कूटी-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

## नूरपुर-उमरी मार्ग पर हुआ हादसा, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्कूटी और बाइक की भीषण भिड़ंत मे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

नौगावा सादात थाना क्षेत्र के नूरपुर छजलैट मार्ग पर गांव लकड़हैट मे भारत पेट्रोल पम्प के समीप स्कूटी व मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक अनमोल (20) पुत्र नरेश उर्फ बुद्ध निवासी ग्राम जमानिया थाना कांठ जिला मुरादाबाद की मौत हो गई। दुर्घटना में सतीश, बृजेश और विनोद निवासी डहकबाड़ा थाना नौगांवा सादात गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगो ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। हादसे के बाद नूरपुर छजलैट मार्ग कुछ देर के लिए जाम हो गया जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित कर खुलवा दिया। हादसे में युवक की मौत से परि. जनों में कोहराम मच गया। परि. जनों का रो रोकर बुरा हाल हे।



# पांच चोरों को तीन-तीन साल जेल की सजा

## कोर्ट ने 35 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरी के मामले में कोर्ट ने पांच को दोषी ठहराते तीन-तीन साल जेल व 35 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामला सैदनगली थाना क्षेत्र से जुड़ा था। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मंडावली रसूलपुर निवासी अशोक कुमार ने 17 मार्च 2010 को सैदनगली थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच तत्कालीन एसएसआई मोहम्मद सलीम अख्तर ने की थी। जांच के दौरान पुलिस ने हसनपुर क्षेत्र के थाना एचौड़ा कम्बोह के गांव सतपुरा निवासी रूपक, विवेक त्यागी तथा इसी थाना क्षेत्र के सुभाष, दिलखुश और अमरजीत को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। बाद में सभी आरोपी जमानत पर रिहा हो गए थे। मामले की सुनवाई एसीजीएम तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का गहन अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर पांचों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई और 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# छह पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अपराधियों के खिलाफ जिले में चल रहे अभियान में शनिवार को हसनपुर सर्किल पुलिस ने छह अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में पुलिस ने दिग्विजय भाटी पुत्र रघुराज निवासी मोहल्ला होल. ीवाला, अनीता पत्नी जगदीश, सुशीला पत्नी पीतम व जोगेंद्र पुत्र पीतम निवासी मोहल्ला कोट खेवान, अंकित पुत्र राजपाल निवासी गांव तरारा थाना सैदनगली, आकाश पुत्र जबर सिंह निवासी शब्दलपुर शकी थाना सैदनगली के खिलाप गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। एसपी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।

# साढ़े 18 करोड़ से से चमकेगी हसनपुर की सूरत

## पालिका बोर्ड की बैठक में लगी मुहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पालिका बोर्ड की बैठक में 22 लाख से अधिक का लाभकारी बजट सर्वसम्मति से पास कर दिया। लाइट व नालों का गंदा पानी सड़क पर आने का भी मुद्दा उठाया गया।

शनिवार को पालिका सभागार में बजट की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 22 लाख 47000 का लाभ कारी बजट बोर्ड द्वारा सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इस वर्ष 90 लाख रुपये की आय गृह कर से हुई है। जल मूल्य से 30 लाख रुपये की इनकम हुई है। राज्य वित्त आयोग से इस वर्ष 18 करोड़ 50 लाख रुपये पालिका को प्राप्त हुए हैं। 15 वित्त आयोग से इस बार 7 करोड रुपये की आय हुई है। गोवंश आश्रय स्थल के संचालन एवं भरण पोषण पर 55 लाख व्यय हुए हैं। जल निकासी योजना पर एक करोड रुपए व्यय किये गये हैं। शाहनवाज अंसारी ने कहा कि पालिका द्वारा 10 गुना अधिक टैक्स बढ़ा दिया गया। जिससे जनता की कमर टूट गई है। इस बढ़े हुए टैक्स से शहर की जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है। सभासद इरम खान ने मृत्यु प्रमाण पत्र का मुद्दा बढ़ चढ़कर उठाया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने बजट सर्व सम्मति से पास होने पर बोर्ड का आभार व्यक्त किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर में जनता के जो भी समस्याएं है। बोर्ड को साथ लेकर सभी को पूरा किया जायेगा। शहर के चारों ओर लाइट लगाई जा रही है। जहां रह गई है उनका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। इस अवसर पर शाहनवाज अंसारी, मोनिश अंसारी, शाहीन बदर, चमन देवी, हमजा अली, मोहसिन खान, सायमा परवीन, नाजिम अंसारी, शाजिया खानम, इरम खानम, नितिन सैनी, दीपक कुमार, राहुल सैनी, राजपाल सैनी, आसमा परवीन, आमिर जहां, मोहम्मद नाजिम, श्याम आर्य नाजिया मोहम्मद, निजाम आदि मौजूद थे। संचालन अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने किया।



# नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैदनगली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैदनगली नगर पंचायत के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री जिसने इस वर्ष इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा दी है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस की शरण ली। तहरीर में पिता ने आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के ही गांव गलसुआ निवासी कादिर पुत्र नासिर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कर ले गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि छात्रा के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी कादिर पुत्र नासिर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए छात्रा की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। जल्द ही छात्रा को सकुशल ढूंढ लिया जायेगा।

# जुबिलेंट ने आरएसीएल को हराकर जीता फाइनल



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित चार दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच के फाइनल में जुबिलेंट इलेवन की टीम ने आरएसीएल की टीम को छह रनों से शिकस्त देकर विजय हासिल कर ली। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के साइड हेड विनोद झा ने विजेता और रनरअप टीमों को ट्राफी प्रदान कीं। शुक्रवार की देर शाम क्रिकेट मैच के फाइनल का शुभारंभ जुबिलेंट में साइट हेड विनोद झा ने टॉस उछालकर किया। आरएसीएल की टीम ने टॉस

**■ मैन ऑफ द मैच बने मनदीन सिंह**

जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम मात्र 87 रन पर ही सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जुबिलेंट की टीम छह ओवर में ही जीत गई। यूनिट हेड ने विनर टीम के कप्तान डा.सुजिंदर फोगाट एवं रनरअप टीम के कप्तान नवनीत शर्मा के साथ ही मैन ऑफ द मैच रहे विनर टीम के खिलाड़ी मनदीप सिंह को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैच के कप्तान विष्णु त्रिपाठी एवं संजीव वर्मा रहे। निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि हमारी जुबिलेंट कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, खेल, वृद्ध एवं दिव्यांग. जनों की सेवा, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहती है।

# पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध

## पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित फरहानाज का आरोप है कि उसके पति का उसकी ही रिश्तेदारी की एक युवती से पिछले करीब दो वर्षों से अवैध संबंध हैं। जिसके चलते वह उससे लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करता है। पीड़ित के अनुसार दहेज की मांग पूरी न होने पर उसका पति आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। साथ ही उसे और उसके बच्चों को मायके जाने से रो. कता है तथा मायके से पैसे लाने का दबाव भी बनाता है। 12 मार्च को जब उसने पति से घर खर्च के लिए पैसे मांगने और उक्त युवती से बात करने से मना किया तो पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति मो. नौशाद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पायल कश्यप बनीं महोत्सव विजेता

## जेएस में युवा महोत्सव का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जे.एस. हिन्दू पीजी कॉलेज में साहू जगदीशसरन कल्चरल क्लब के तत्वावधान में आयोजित तृतीय युवा महोत्सव का शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ भव्य समापन हुआ। समापन दिवस पर श्लोक अन्त्याक्षरी, बैतबाजी और लोकनृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लोकनृत्य प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रही, जिसमें पौराणिक व सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि शरद जी ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि कुल 15 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस वर्ष 'महोत्सव विजेता' का खिताब पायल कश्यप को मिला। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अतिथि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करने में सफल रहा।

# जदीद तालीम ही तरक्की का रास्ताः मुदस्सिर

## हाशमी कालेज में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सऊदी अरब की किंग फाहद यूनिवर्सिटी से पधारे शिक्षाविद् मुदस्सिर हसन खान ने कहा कि आज का दौर जदीद तालीम का दौर है और शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए व्यक्ति अपनी पहचान बनाकर देश और समाज के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है।

हाशमी डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पीजी व पीएचडी कोर्स करने की इच्छुक छात्राओं के लिए हॉस्टल, स्कॉलरशिप सहित कई सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे अधिक से अधिक छात्राएं उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में छात्राएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए उन्होंने छात्राओं को सचेत किया कि इसका फिजूल इस्तेमाल दिमाग के विकास में बाधक है, इसलिए इसका उपयोग केवल शिक्षा और ज्ञानवर्धन के लिए ही करें। उन्होंने देश-विदेश में आयोजित किए जा रहे ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया, जिनका उद्देश्य युवाओं को बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसुम सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।




# धनौरा बोर्ड की बैठक में 27 करोड़ 33 लाख का बजट पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर पालिका सभागार में शनिवार को नगर पालि. का अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में बोर्ड की 15वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा सहित सभासदों की मौजूदगी में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर विस्तार से चर्चा की गई और अंत में 27 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया।

बैठक में जनवरी व फरवरी माह के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत कर उसकी पुष्टि की गई। इसके बाद प्रस्तावित बजट पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें नगर के विकास और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी गई। बजट पास होते ही सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रस्तावित बजट के अनुसार नगर पालिका द्वारा विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। नाला-पुलिया निर्माण व मरम्मत पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये, जलकर योजना एवं मरम्मत कार्यों पर 72 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत करीब 3 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत पर 5 करोड़ रुपये, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उपकरणों पर 50 लाख रुपये तथा विद्युत मार्ग प्रकाश व्यवस्था पर लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान किया गया है। अन्य मदों को मिलाकर कुल 27 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये का बजट पारित किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यह बजट पूरी तरह जनहित और विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर की सड़क, सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बजट में नगर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा और नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में नगर के विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक मे नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, सभासद दुली. चंद गिहार, गुरबचन सिंह, राजू बादशाह, भोले, जगत सिंह सैनी, अशोक घरोटिया, समीर अहमद, आलम शेख, राजीव दीक्षित, नौशाद मंसूरी, मयंक गर्ग, गौरव धारीवाल, प्रशांक त्यागी, सरस्वती गोयल, मनजीत कौर, पूनम रानी, नूतन रानी सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।



# खेत से लौट रहे युवक को गोली मारी

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** खेत से चारा काटकर घर लौट रहे युवक को रास्ते में घेरकर गोली मार दी। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में तहरीर दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। शुरुआती छानबीन में दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश होने की बात सामने आई है।

घटना डिडौली क्षेत्र में अशरफपुर फैजगंज मार्ग की है। क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में किसान इदरीस का परिवार रहता है। उनका बेटा मुजस्सिम शनिवार दोपहर खेत से चारा काटकर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में घात लगाए खड़े अकरम व उसके बेटे आफताब ने उस पर फायर झोंक दिया। पेट में गोली लगने से लहूलुहान होकर मुजस्सिम सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र धमकी देते हुए भाग निकले। दिनदहाड़े घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण घायल मुजस्सिम को लेकर डिडौली कोतवाली पहुंचे, पुलिस ने उसे जोया सीएचसी भेजा। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मुजस्सिम को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बलियान ने बताया कि युवक गोली लगने से घायल हुआ है। गहनता से पूरे मामले की जांच की जा रही है। घायल हुए युवक के चाचा ने गांव के ही अकरम व उसके बेटे आफताब के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में तहरीर दी है हालांकि शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध लग रही है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश सामने आई है।

# राम नवमी पर भक्ति का सैलाब

## भजन संध्या में देर रात तक झूमे श्रद्धालु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री राम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री राम नवमी प्रगटोत्सव ने नगर मे भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम पेश किया। शुक्रवार की रात दिव्य भजन संध्या के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ, जहां श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे नजर आए।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई। मंत्रोच्चार और आहुति के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख-शांति की कामना की। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा और हर ओर राम नाम की गूंज सुनाई देती रही। भगवान श्रीराम का विधिवत पूजन ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक व उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा के साथ किया गया। शाम को भजन संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या में ग्वालियर से पहुंचे भजन सम्राट मनोज शर्मा ने जैसे ही मंच संभाला, पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। रामायण चौपाइयों से शुरुआत करते हुए उन्होंने चलो बुलावा आया है, नैनन में श्याम समागयो, लगन तुमसे लगा बैठे, यह चमक यह दमक, भोले ओ भोले और शिवतांडव जैसे भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु खुद को झूमने से रोक नहीं पाए। हर भजन पर तालियों और जयकारों की गूंज ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया।कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई और छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, नवीन दीक्षित, अक्षय अग्रवाल, संजीव दीक्षित, पारस सिंघल, हर्ष भटनागर, यश अग्रवाल, फूलकुमार, ध्रुव अग्रवाल, नितिन धारीवाल, प्रिंस अग्रवाल, सुनील प्रजा. पति, दिवेश तंवर, विशाल कौशिक, निपुण दीक्षित, सोनिया अग्रवाल, कुसुमलता गोयल, नेहा गुप्ता, कंचन अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, अशोक घरोटिया, अनिल गुप्ता, सुनील गुप्ता, हरिओम गुप्ता, अरुण दिसोरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शेरपुर में दबंगों का हमला, सगे भाई समेत चार घायल

## लाठी-डंडों व सरियों से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर के पास शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब कुछ लोगों ने मिलकर दो सगे भाइयों समेत चार लोगों पर हमला कर दिया। हमले में सभी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए भेजा गया है।

पीड़ित अफसर पुत्र सहादत निवासी ग्राम मिर्जापुर, थाना किला परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार दोपहर अपने प्लॉट के सिलसिले में गांव जा रहा था। जैसे ही वह नहर के पास ग्राम शेरपुर पहुंचा, तभी नजाकत, आसिफ, जामीन व नौशाद निवासी गण शेरपुर लाठी-डंडे और सरिया लेकर आ गए और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई शहवाज मौके पर पहुंचा तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं। आरा. ेप है कि हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, बाद में उनके साथी सलमान व साहिर के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।घटना के बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# आज के बच्चे कल का भविष्य: हेम सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री गंगाराम जगवती देवी मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में परीक्षाफल दिवस बड़े हर्षोल्लाह और धूमधाम के साथ मनाया गया।

शनिवार को विशिष्ट अतिथि हेम सिंह आर्य तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमलेश आर्य ही रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ताजुद्दीन जुबैरी तथा संचालन विद्यालय के संस्थापक सोम सिंह ने किया। कार्यक्रम में बोलते हुए हेम सिंह आर्य एंव श्रीमती कमलेश आर्य ने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देने चाहिये और आमदनी करने के साथ ही साथ हमें बचपन से ही धन संचय की आदत भी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। विद्यालयों के साथ-साथ अभिभावकों को भी पूरे मनोयोग से छात्रों के विकास में सहयोग करना चाहिये। क्योंकि आज के समय में संस्कारित शिक्षा का प्राप्त होना बहुत जरूरी है। आज के नन्हे मुन्ने बच्चे भविष्य में इस देश का नेतृत्व करेंगे। बच्चों ने डांस कर धमाल किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को परीक्षाफल कार्ड के साथ-साथ शानदार उपहार भी दिये गये। सभी बच्चे रिजल्ट कार्ड और उपहार पाकर गदगद महसूस कर रहे थे बच्चों के चेहरे की खुशी छुपाये नहीं छिप रही थी। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़कर भाग लिया जिसकी उपस्थित सभी अतिथि भूरी भूरी प्रशंसा करते नजर आये। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक माया देवी, प्रधानाध्यापक रीता रानी, अली अहमद सैफी, हाजी राजा अंसारी, तबारक हुसैन मौजूद रहे।

# एजेंसी पर सिलेंडर लेने को लगी कतारें

## खत्म होने का नाम नहीं ले रही गैस किल्लत

**हसनपुर।** नगर में गैस की किल्लत रुकने का नाम नहीं ले रही है। उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी-लंबी लाइन लगाकर खड़े हुए हैं। इंडेन गैस एजेंसी हमेशा विवादों में रही है। इंडेन गैस एजेंसी हसनपुर ईरान अमेरिका युद्ध जब से शुरू हुआ है तब से ही उपभोक्ताओं को गैस का वितरण ना की बराबर कर रही है। रमजान के महीने में तो महिलाये सहरी खाने के बाद से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए दीपपुर गेट पर आकर गोदाम पर लाइन में लग जाती है। आरोप हे कि की गैस एजेंसी संचालक ने शुरू में ही गैस सिलेंडरो की काला बाजारी कर दी थी। अभी भी लगातार हसनपुर गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की लाइन टूटने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि विभाग ने हसनपुर गैस एजेंसी के सिलेंडर दूसरी दो अन्य एजेंसियो से वितरण करवाया है। इंडेन गैस एजेंसी हसनपुर में गैस सिलेंडर लेने वालों का जमावड़ा लगा हुआ है। उपभोक्ताओं की समस्या का कोई भी समाधान करने को तैयार नहीं है।

## दिल्ली आईडियल स्कूल में परीक्षाफल वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शाहबाजपुर स्थित दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मंच पर सम्मानित किया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा। साथ ही 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी अच्छी उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर मोहम्मद अली, प्रेसिडेंट मोहम्मद आलम, प्रिंसिपल अजरा नकवी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम सफल एवं प्रभावशाली रहा।

# डबल इंजन सरकार का लक्ष्य अंतोदय तक विकास



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजीव तरारा ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चाभी वितरित की।

एक फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि

**■ सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने गिनाई उपलब्धियां**

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं। डबल इंजन सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज गरीब, किसान, महिला, युवा एवं समाज के हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारकर अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह लालू, मंडलाध्यक्ष सोमप्रकाश, हरेंद्र, पवन, सुशील, वैभव गोयल, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल, उषा, सुरेश देवी, शाहजहाँ, हरेशा, संगीता, नरेश, जलधारा, पिन्टी राणा, हरविन्द कुमार, हरिओम सिंह, रूबी समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

## जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली में हाजी अब्दुल सत्तार, जिला पंचायत सदस्य पति के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रभारी श्री राजीव सिसोदिया ने किया, जबकि प्रथम सत्र की अध्यक्षता ठाकुर पोपाल सिंह ने की। संचालन शिवम चौधरी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में मनीष दक्ष ने भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की। इस सत्र की अध्यक्षता हाजी अब्दुल सत्तार ने की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष रिशिपाल नागर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके विच. ारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज उनके सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस सत्र की अध्यक्षता मदन कुमार वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डिडौली ने की। इस अवसर पर नितिन कुमार गुप्ता, फरहान अख्तर, चंद्रभान सिंह, जैकी कुमार, मुनेंद्र चौहान, ओमप्रकाश सिंह चौहान, पंकज सिंह मान, अभय प्रताप सिंह, सौरभ चौधरी, जीशान अली, राम सिंह प्रजापति, बिजेंद्र कपासिया, धीरज कांत गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, मुशाहिद हुसैन, मलखान सिंह सैनी, मुकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## सांसद तंवर ने सुरेन्द्र सिंह के पिता को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने खंडसाल कला स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह ढिल्लो के पिता स्वरूप स्वर ढिल्लो की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय स्वरूप स्वर दिल्लो का सामा. जिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इसके उपरांत सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर विधानसभा नौगांवा सादात के ग्राम मिलक छबी में भी पहुंचे, जहां कारगिल शहीद अरविंद सिंह के पूज्य पिता स्वर्गीय श्री ऋष्प्रतार सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# कारमेल स्कूल में बच्चों को वितरित किया परीक्षा फल



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कारमेल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान

**■ प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने पहनाए मैडल**

ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रबंधक ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अच्छा प्रयास किया है। जिन बच्चों के अंक कम रह गए हैं, वे हताश न हों बल्कि अगली परीक्षाओं में फिर से प्रयास करें। प्रधानाचार्य ने अग्रिम कक्षा में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटय प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा का संदेश प्रदान किया। कई प्रस्तुतियों से सामा. जिक सराकारों के प्रति भी अलख जगाई। प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने कक्षा में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं के गले में मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके श्रेष्ठ चौहान, उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह, पूजा सैनी, अनिता भटनागर, चन्द्रपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, कमलेश सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# अप्रैल में घोषित होगी ब्लॉक कार्यकारिणी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि अप्रैल माह में जनपद के सभी छह के छह ब्लॉकों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। इस बाबत उन्होंने डीपीआरओ सहित समस्त बीडीओ आदि को भी सूचनार्थ ज्ञापन भेज दिया है।

सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार 04 जनवरी को संगठन के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला संगठन मंत्री व जिला संप्रेक्षक का मनोयन निर्विरोध रूप से सम्पन्न हो चुका है। जनपद

**■ पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन**

इकाई का चुनाव हो जाने के बाद जनपद के सभी ब्लॉकों की इकाईयों भंग हो चुकी हैं। जिलाध्यक्ष के मुता. बिक इन सभी ब्लॉकों जैसे गजरौला, जोया, अमरोहा, हसनपुर, गंगेश्वरी, मण्डी धनौरा की कार्यकारिणी की घोषणा आगामी अप्रैल माह में कर ली जाएगी। कर्मठ पदाधिकारियों को संगठन के पदों पर सभी की सहमति से मनोनयन किया जाएगा। ज्ञापन पर जिला महामंत्री समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसान नेता समेत आधा दर्जन पर गुंडा एक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** धरना प्रदर्शन के दौरान विवाद में रहने वाले किसान नेता को पुलिस ने गुंडा एक्ट में निरुद्ध किया है। भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के खिलाफ पुलिस ने गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है। थाना हसनपुर पुलिस ने क्षेत्र के चिन्हित अपराधियों की कुंडली खंगाली इसके अलावा कई अन्य लोगों को भी गुंडा एक्ट में निरुद्ध किया गया है। पुलिस जांच में पाया गया कि ये अभियुक्त लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे। और क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने इन पर 3/4 गुण्डा एक्ट की प्रभावी कार्रवाई की है। जिन अपराधियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें मोहल्ला कोट खेवान निवासी अनीता, सुशीला,और जोगेन्द्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सैदनगली थाना क्षेत्र के ग्राम तरारा निवासी अंकित और शब्दलपुर शर्की निवासी आकाश के विरुद्ध भी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार इन अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और ये भविष्य में भी कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते थे। इस कठोर कार्रवाई के बाद अब इन अपराधियों की गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पूर्व में भी किसान नेता दिग्विजय भाटी पर दर्ज किये गये हैं।

# दबंगों ने कार सवार युवक को पीटा

## नामजद समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में एक युवक से मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोप है कि थार गाड़ी खरीदने की रंजिश में एक युवक और उसके साथी ने कार सवार युवक पर हमला किया। पुलिस ने इस मामले में नामजद समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 25 मार्च की रात करीब 9 बजे की है। गजरौला के भानपुर निवासी जशवीर सिंह के बेटे वंश अपनी स्विफ्ट गाड़ी से रजबपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीठखेड़ा में दोस्तों से मिलने गए थे। तहरीर के अनुसार, जब वंश पीठखेड़ा गांव पहुंचे, तो वहां पहले से ही पीठखेड़ा निवासी शनि पुत्र राजेंद्र और उसका एक अज्ञात साथी घात लगाकर खड़े थे। आरोप है कि वंश ने जब से थार गाड़ी खरीदी है, तब से शनि उससे ईर्ष्या रखता है। वंश को अपने गांव में देखकर शनि और उसके साथी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। इस हमले में वंश की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।शोर मचाने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित वंश ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पीड़ित ने रजबपुर थाने में मामले की तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद शनि और एक अज्ञात युवक के खिलाफ 26 मार्च समय 18:58 बजे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिया समुदाय ने निकाला जुलूस

**सैदनगली।** शनिवार को यौमे इन्हेदामे जन्नतुल बकी के सिलसिले से शिया समुदाय ने मातमी जुलूस निकाला जो इमामबारगाह पीर जी पहुँचकर समाप्त हुआ नोहे नवाबुल हसन व मिसाल अब्बास ने पढ़े। बता दें कि लगभग 100 साल पहले सऊदी अरब के मदीना शहर मे बने हुए कब्रिस्तान जन्नतुल बकी मे बनी कब्रों को सऊदी हुकूमत ने शिर्क बताकर बुलडोजर से तुड़वा दिया था इनमें प्यारे नबी की इकलौती बेटी सय्यदा फातेमा जेहरा और बहुत मासूमीन की कब्रों को तुड़वाया था इसके गम मे हर साल शिया समुदाय जुलूस निकलता आ रहा है और सऊदी हुकूमत से मांग करता है कि जल्द कब्रों को दुबारा बनवाया जाए।

# फर्जी अभिलेखों से लिया सवा करोड़ का ऋण

## आईसीआईसीबैंक के प्रबंधक ने जांच में पकड़ा फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आईसीआईसीआई बैंक की शाखा से 12 लोगों ने बैंक कर्मी की मदद से फर्जी अभिलेख प्रस्तुत करके एक करोड़ 26 लाख रूपये का किसान क्रेडिट कार्ड का ऋण प्राप्त कर लिया। जांच के बाद मामला प्रकाश में आने के बाद बैंक प्रबंधक ने आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर के चौपला स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा प्रबंधक अपूर्व वशिष्ठ द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार सनी भाटी, अनुपम भाटी, भूपेंद्र सिंह, विशाल, रविपाल, मनोज नागर, अनूप, अजब सिंह, विजेंद्र,रविंद्र कुमार, ब्रजेश देवी, सुभाष ने जाली संपत्ति के दस्तावेजों को गिरवी रखकर 01 करोड़ 26 लाख 35 हजार 324 रुपये का ऋण प्राप्त कर लिया। बैंक द्वारा इनके द्वारा

**■ एक बैंक कर्मी सहित 13 लोगों के विरूद्ध केस दर्ज**

प्रस्तुत कागजात, राजस्व रिकार्ड और केवाईसी दस्तावेज आदि की जांच कराई और राजस्व अधिकारियों के साथ सत्यापन कराया तो सभी अभिलेख आदि जाली और भामक पाए गए। इस कार्य में बैंक कर्मी मौहम्मद असलम ने भी अपने दायित्व का निर्वहन भली प्रकार से नहीं किया, और आरोपियों के साथ मिलकर उनका ऋण दिलाने में सहयोग किया। बैंक प्रबंधक ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड लेने के लिए लगाए गए अभिलेखों की जांच कराई तो वे फर्जी पाए गए। जिसके आधार पर 12 आरोपियों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराया है। बैंक कर्मी द्वारा दस्तावेजों के उचित जांच न कराके इन लोगों को फर्जी अभिलेखों के आधार पर ऋण दिलाया गया है। इसलिए कर्मी सहित 13 लोगों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# जेवर एयरपोर्ट से बदलती नजर आएगी बागपत की तस्वीर

## खेती से कारोबार तक सभी क्षेत्रों में दिखेगा असर, 'लोकल से ग्लोबल' बनेगा बागपत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के लोकार्पण के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की नई कहानी लिखनी शुरू हो गई है। अब तक गुरुग्राम और नोएडा तक सीमित विकास का दायरा अब आगे बढ़ेगा और इसका सीधा असर बागपत में भी साफ दिखाई देगा। आने वाले समय में यहां विकास होगा, निवेश बढ़ेगा और हर क्षेत्र में बदलाव दिखेगा।

जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से NCR का विकास नक्शा बदलता नजर आएगा। नोएडा से जेवर होते हुए पश्चिमी यूपी तक एक नया विकास गलियारा बनेगा, जिसमें बागपत एक अहम कड़ी के रूप में उभरेगा। स्पष्ट है कि अब बागपत इस नए विकास के केंद्र में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएगा। बागपत की सबसे बड़ी ताकत उसकी कनेक्टिविटी है और यही अब उसका सबसे बड़ा लाभ बनेगा।






ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे जैसे आधुनिक मार्ग पहले से ही इसे NCR से जोड़ते हैं। अब जेवर एयरपोर्ट जुड़ने के बाद दिल्ली से सटा बागपत दो बड़े एयरपोर्ट-दिल्ली और जेवर-के बीच आ जाएगा। इसका असर आने वाले समय में साफ दिखेगा। माल ढुलाई बढ़ेगी, ट्रैफिक मूवमेंट तेज होगा और बागपत व्यापार और लॉजिस्टिक्स के नए केंद्र के रूप में उभरता दिखाई देगा। खेती-किसानी के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बागपत के किसान अब केवल स्थानीय मंडियों तक सीमित नहीं रहेंगे। गन्ना, सब्जी और डेयरी उत्पाद अब एयर कार्गो के जरिए देश-विदेश तक पहुंच सकेंगे। इससे किसानों को बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी। धीरे-धीरे किसान आधुनिक खेती और एक्सपोर्ट की ओर बढ़ते दिखेंगे। यानी बागपत का खेत अब गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक बाजार से जुड़ता नजर आएगा।

# बागपत के स्थानीय उत्पादों को भी मिलेगी नई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत के स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिलने वाली है। जिले के प्रमुख उत्पाद अब केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं को भी नई गति मिलेगी और स्थानीय कारीगरों तथा उद्यमियों को बड़ा बाजार मिलेगा। उद्योगों के लिए भी बागपत अब नया विकल्प बनकर सामने आएगा। नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में जमीन महंगी होने के कारण उद्योग सस्ती और कनेक्टिव जगहों की ओर रुख करेंगे। बागपत इस मामले में मजबूत स्थिति में रहेगा। यहां छोटे और मध्यम उद्योग स्थापित होंगे, वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स हब विकसित होंगे। इससे जिले में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। रियल एस्टेट के क्षेत्र में भी तेजी देखने को मिलेगी। अब निवेशकों की नजर बागपत पर टिकेगी। यहां जमीन अभी किफायती है और भविष्य की संभावनाएं मजबूत हैं। आने वाले समय में नई कॉलोनियां बसेंगी, छोटे टाउनशिप बनेंगे और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। बागपत का शहरी स्वरूप धीरे-धीरे बदलता नजर आएगा। युवाओं के लिए यह एयरपोर्ट सबसे बड़ा अवसर लेकर आया है। जेवर एयरपोर्ट और उससे जुड़े उद्योगों के कारण हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अब युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने जिले में ही रोजगार पा सकेंगे। एविएशन, होटल, ट्रांसपोर्ट और सर्विस सेक्टर में नए मौके खुलेंगे। इससे युवाओं का भविष्य मजबूत होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बाहर के लोग आसानी से बागपत पहुंच सकेंगे। इससे स्थानीय व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। बाजारों में रौनक बढ़ेगी और जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# आज फिर चोरों ने किया 6 नलकूपों से सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा गांव के जंगल से अज्ञात चोरो ने 6 नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये का समान चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थानें में तहरीर दी है।

फुलैरा निवासी कृष्ण शर्मा, गरीबराम, नरेश कुमार, राजू शर्मा, सतपाल और ऋषि यादव के नलकूपों पर रात्रि अज्ञात चोरो ने धावा बोल हजारों रूपये के कट आऊट, बिजली के तार आदि समान चोरी कर ले गए। सुबह जब किसान खेतो पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला किसानों नें चांदीनगर थानें में अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। इसके अलावा फुलैरा में ही चार दिन पहले सतेन्द्र, रामशरण, सुखबीर, रणबीर, देवेन्द्र, महेश यादव, ऋषि, गजराज, अनिल, बिरम सिंह और पवन के नलकूपों से भी चोर चोरी कर ले गये थे, दर असल चांदीनगर और रटौल क्षैत्र में चोरो का बोलबाला ये जो अलग अलग स्थान बदल नलकूपों को निशाना बनाते है और हजारों रूपये का समान चोरी कर ले जाते है जिससे किसान परेशान और चोरी की घटनाओं पर अकुंश नही लग पा रहा है। किसानों नें उच्च अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने की मांग की है।



# स्वास्थ्य शिविर में की गई 64 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 64 लोगो की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाईयां वितरित की गई। वही लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी दी गयी।

रटौल में एक युवक की निमोनिया बुखार के चलते मौत हो गयी थी जिससे बाद स्वास्थ्य विभाग नें गम्भीरता से लेते हुए रटौल में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 64 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गई।



मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर साजिया नें बताया कि ज्यातर मरीज जुकाम, खासी वायरल से पीड़ित मिले जिसकी जांच के बाद दवाईयां दी गई है। वही लोगो को जागरूकत करते हुए डाक्टर गौरव नें कहा कि बुखार होने या अन्य बीमारी होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच कराये। उन्होंने कहा कि अपने आस पास सफाई का विशेष ध्यान रखे शिविर में 12 लोगो की खून के जांच भी की गयी शिविर में डाक्टर साजिया, डाक्टर गौरव, सिधू, संदीप आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बर्खास्त शिक्षक ने कलेक्ट्रेट में किया आत्मदाह का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पर उस समय हड़कंप मच गया जब बर्खास्त शिक्षक मुकेश शर्मा ने आत्मदाह का प्रयास किया। उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया, लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उनके हाथ से तेल की बोतल छीन ली और स्थिति को संभाला। मुकेश शर्मा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना दे रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा है और उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण वे यह कदम उठाने को मजबूर हुए। अधिकारियों ने फिलहाल मामले की छानबीन शुरू कर दी है। यह घटना बागपत कलेक्ट्रेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन हुई। खेला गांव स्थित कॉलेज की शिक्षिका निधि शर्मा और शिक्षक मुकेश शर्मा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षिका निधि शर्मा ने बताया कि प्रिंसिपल द्वारा उनका उत्पीड़न किया गया है, लेकिन अभी तक प्रिंसिपल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद उसमें फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई है और चार्जशीट नहीं भेजी गई, जिससे प्रिंसिपल को बचाया जा रहा है। शिक्षक मुकेश शर्मा का कहना है कि उन्हें जबरन बर्खास्त किया गया है। वे लंबे समय से कॉलेज प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधक पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। इस मामले में अधिकारियों ने गंभीरता से छानबीन शुरू कर दी है और प्रदर्शनकारियों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### गांव में बैंक शाखा न होने से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** असारा गांव में बैंक शाखा न होने से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। आजादी के बाद से गांव में कोई बैंक शाखा नहीं है। प्रदर्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर हाथों में लेकर नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बैंक शाखा नहीं खोली गई तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। 20 हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में कोई बैंक या एटीएम नहीं है। इससे ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं के लिए दूर के गांवों में जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में गांववासियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को बैंकिंग सुविधाओं से वंचित रखना अन्याय है। प्रदर्शन में मनीष चौहान, फुरकान, राशिद, सुलेमान, नवाब, शमशाद सहित कई ग्रामीण शामिल थे। बागपत के एलडीएम (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर बैंक अधिकारियों को पत्र लिख दिया गया है।

### प्लाट से सोलर बेटरी व सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरार।** थाना रहरा क्षेत्र में देर रात चोरी की वारदात ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया। ग्राम छपना निवासी पूर्व प्रधान दिमाक सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 तारीख को रात करीब 8 बजे उनके प्लॉट में चार चोर घुस आए और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक चोर प्लॉट से सोलर ऊर्जा की बैटरी, एंटेनेटर और एक रेंडी उठाकर ले गए। घटना का अहम मोड़ तब आया, जब दिमाक सिंह का बेटा प्लॉट की ओर जा रहा था। उसने मौके से दो मोटरसाइकिलों को तेजी से निकलते देखा और शक होने पर रोकने की कोशिश भी की, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।तहरीर में दो संदिग्धों की पहचान निवासी ग्राम ईटा और निवासी ग्राम खेलिया पट्टी के रूप में की गई है, जबकि दो अन्य अज्ञात बताए गए हैं। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मनमोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी में वार्षिकोत्सव ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं रसोइयों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने कहा कि पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी शिक्षा के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। यह विद्यालय कायाकल्प के साथ-साथ शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हमेशा अग्रणी रहता है। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा की। प्रधानाध्यापक जोगिन्द्र सिंह के प्रयासों से निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आने वाले समय में यह विद्यालय जनपद का मॉडल विद्यालय बनेगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक डॉ. जोगिन्द्र सिंह ने विद्यालय के विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराने और चाहरदीवारी निर्माण के लिए डीएम और सीडीओ का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आदेश कुमार, नफीस अहमद, डॉ.पृथी सिंह, विपिन पंघाल, उमेश सिद्धू, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, मनवीर सिंह, चूनम तोमर, संघहिता गौतम, चंचल, वंदना सारस्वत, मीरा, गामिनी आदि उपस्थित रहे।

# 800 बीघा जमीन को लेकर विवाद, 100 से अधिक किसान प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पाली गांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की। किसानों का आरोप है कि हरियाणा के लोग उनकी जमीनों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें हरियाणा प्रशासन भी कथित तौर पर उनकी मदद कर रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि जब पाली गांव के किसान अपनी जमीनों पर पहुंचे, तो वहां संघर्ष की स्थिति बन गई। हालांकि, बाद में किसी तरह शांति बहाल हो पाई। किसानों ने इस मामले में डीएम से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पाली गांव के किसान सतपाल, अमित, राकेश आर्य और पंकज चौहान ने बताया कि 1974 में दीक्षित अवार्ड के तहत एक नियम बनाया गया था। इसके अनुसार, हरियाणा के किसानों की जो जमीन बागपत क्षेत्र में आती है, वह हरियाणा के किसानों के नाम बागपत के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होगी। इसी तरह, यमुना पार कर बागपत के किसानों की जो जमीन हरियाणा में है, वह हरियाणा के राजस्व में शामिल होकर बागपत के किसानों के नाम दर्ज होनी थी। हालांकि, पाली गांव में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो पाई, जिसके कारण किसान तभी से इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसानों के अनुसार, लगभग 800 बीघा जमीन को लेकर यह विवाद चल रहा है, जिससे 100 से अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं। उनका आरोप है कि हरियाणा से आने वाले लोग जबरन उनकी जमीनों पर कब्जा करना चाहते हैं। किसानों ने बागपत प्रशासन से हरियाणा प्रशासन से बात कर उनकी जमीनें राजस्व में दर्ज कराने और कब्जा सुनिश्चित कराने की मांग की है। सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।



# उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को मिलेगी नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जेवर एयरपोर्ट की विशेषताएं इसे और खास बनाती हैं। शुरुआती चरण में लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों की क्षमता, भविष्य में 7 करोड़ तक विस्तार, 2.5 लाख टन से 15 लाख टन तक कार्गो क्षमता, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, डिजियात्रा जैसी डिजिटल सुविधाएं और लॉजिस्टिक्स हब इसे प्रदेश का आर्थिक इंजन बनाते हैं। यह एयरपोर्ट ग्रीन एनर्जी और नेट जीरो एमिशन के सिद्धांत पर आधारित है, जो इसे आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह परियोजना उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाएगी। यह एयरपोर्ट एक लाख करोड़ से अधिक का आर्थिक योगदान देगा और 'लोकल से ग्लोबल' की सोच को मजबूत करेगा। जनपद बागपत के लिए यह एयरपोर्ट एक बड़ा अवसर साबित होगा। यहां के उत्पाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे। उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। निवेश बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेंगे और जिले की पहचान बदलेगी। अब जेवर एयरपोर्ट विकास का इंजन बनेगा और बागपत उसकी रफ्तार के साथ आगे बढ़ेगा। अब बागपत में बदलाव होगा, तेजी से होगा और हर क्षेत्र में दिखेगा। जो आज संभावना है, वही कल बागपत की नई पहचान बनेगा।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी में शानवी प्रथम, परी द्वितीय तथा वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एल के जी में सादिया प्रथम, युवी द्वितीय तथा एंजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू के जी में युविका प्रथम, अन्वी द्वितीय तथा शिवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम में यथार्थ मान प्रथम, अर्पित द्वितीय तथा शानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय में शिवांगी प्रथम, अयांश द्वितीय तथा देवांशी।। ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन में हंसिका प्रथम, आराध्या द्वितीय तथा सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में विशेष प्रथम, देवांशी द्वितीय तथा काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच में वंशिका प्रथम, हर्षित द्वितीय तथा शिवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 में प्रांजल आर्य ने प्रथम, कार्तिक ठाकुर द्वितीय तथा परमंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में दिव्या प्रथम, दक्ष पंवार द्वितीय तथा ऐमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में सिया मलिक प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय तथा भुवेन खोखर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 में निक्की प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, तथा आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा एवं मीनाक्षी शर्मा ने सभी मेधावियों को प्रमाणपत्र तथा ट्राफी देकर पुरस्कृत किया और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजीव चौधरी, संगीता, शानू कौशिक, सुरेखा तोमर, नीतू चौधरी, संजय शर्मा, सचिन पंवार, अंजू शर्मा, सरिता रानी, वासु, प्रीति, शालिनी, स्नेहा शर्मा एवं जानवी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# प्रदूषित पानी को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को तहसील में महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार वह मोहित चौहान समाजसेवी के नेतृत्व में मलकपुर शुगर मिल द्वारा व अन्य फैक्ट्रीयों द्वारा जल स्रोतों नदियों में छोड़े जा रहे प्रदूषित पानी को लेकर गहरी चिंता प्रकट करते हुए डीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि कृष्णा व हिंडन नदी में भी फैक्ट्रीयों का अपशिष्ट जल छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण गंभीर बीमारी फैल रही और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। बागपत जिले में नदी के किनारे लगभग 55 से अधिक गांव स्थित है व गंभीर बीमारियों की चपेट में है। अकेले गांगडोली व सरफाबाद गांव में 70प्रतिशत लोग कैंसर, पथरी, पेट व अस्थमा से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिना शोधन के औद्योगिक अपशिष्ट जल को खुले नालों या जल स्रोतो नदियों मैं छोड़ना जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। डीएम से मांग की गई की संबंधित जल स्रोतों के पानी का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए व संबंधित फैक्ट्री मिल के एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट की जांच कराई जाए कि वह संचालित है या नहीं बिना शोध के प्रदूषित पानी छोड़ने वाली कारों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट, महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार तोमर, वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट मोहित चौहान ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर अब गांव-गांव में भी बैठक करके लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संजीव पाल, संजीव दांगी, संजीव तोमर प्रधान सचिन चौहान विवेक चौहान, सत्यपाल मान सोनवीर, हरेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।



# भाभी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हसनपुर मसूरी गांव में भाभी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी परविंदर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने जमीनी विवाद के चलते अपनी भाभी अंकिता की हत्या की थी।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह बरामदगी मामले की जांच में अहम मानी जा रही है। पुलिस के अनुसार, अंकिता अपने छोटे भाई की पत्नी थीं। दो महीने पहले सड़क हादसे में उनके पति की मौत हो गई थी, जिसके बाद वह विधवा हो गई थीं। पति की मौत के बाद से ही अंकिता और उनके जेठ परविंदर के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया है कि घटना वाले दिन किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी दौरान गुस्से में आकर परविंदर ने अंकिता को दो गोली मार दीं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि आरोपी परविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# भगवान विष्णु की झांकियों ने मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नवदुर्गा चामुंडा मंदिर बस्ती में आयोजित हो रहे चैत्रीय नवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई, साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत पदाधिकारियों को भी फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

### महोत्सव में पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में रामपाल दंपति ने भाग लिया। संजय अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा भगवान विष्णु तथा साई बाबा की झांकियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ.सुमेर चंद्र, सौरभ जैन, पंडित योगेश शर्मा, मनमोहन सिंह सेन, निगम वर्मा, अशोक चौहान, दिनेश अग्रवाल, प्रियंका, जितेंद्र गुप्ता, सुंदर सिंह, आकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं अल्लीपुर भूड़ में पूर्व मंडल महामंत्री अंकुर नागर के आवास आयोजित कार्यक्रम में नामित सभासद गुरुवचन सिद्धू के साथ मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह सेन, सचिन प्रजापति, मंडल मंत्री सपना प्रजापति, संजय सिंह गौड़ का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, जयवीर नागर, राजीव मित्तल, अमरपाल प्रजापति मौजूद रहे।



# कंटेनर की टक्कर से मजदूर की मौत

■ पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** किच्छा रोड पर लाल. पुर टोल टैक्स के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में कंटेनर की टक्कर से कृष्ण पाल पुत्र महेश कुमार निवासी गांव चुरई दलपतपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वह रुद्रपुर की एक निजी कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और वर्तमान में रुद्रपुर ट्रांजिट क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में रह रहे थे।

बताया जाता है कि कृष्ण पाल अपनी ससुराल गांव भैसिया थाना बहेड़ी में चचेरी साली की शादी में शामिल होने जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही कंटेनर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सुनीता, बेटा प्रशांत और बेटी शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी की शादी दिसंबर में तय थी, लेकिन उससे पहले ही पिता का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रधानमंत्री ने किया जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण

■ बरेली समेत प्रदेश को मिलेगा नया विकास आयाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के विकास पथ पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यह अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए 'नए उत्तर प्रदेश' की उड़ान का प्रतीक बनेगा और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देगा।

एयरपोर्ट की प्रारंभिक क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों प्रति वर्ष निर्धारित की गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 7 करोड़ तक किया जाएगा। इसके साथ ही कार्गो क्षमता की शुरुआत 2.5 लाख टन से होगी, जिसे आगे चलकर 15 लाख टन तक विस्तारित किया जाएगा। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के तहत एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे, बस और मेट्रो सेवाओं से जोड़ा गया है, जबकि डिजियात्रा आधारित डिजिटल सुविधाएं यात्रियों को आधुनिक अनुभव प्रदान करेंगी। इसके अलावा एमआरओ, लॉजिस्टिक्स हब और वेयरहाउसिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। एयरपोर्ट का निर्माण नेट जीरो एमिशन और ग्रीन एनर्जी आधारित डिजाइन पर किया गया है, जो इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाता है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लाभ जनपद बरेली को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। जनपद के ओडीओपी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलेगी, जिससे स्थानीय उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को नई गति प्राप्त होगी। निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि के साथ युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन और व्यापार को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

यह एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 1 लाख करोड़ से अधिक का संभावित योगदान देते हुए विकास का नया इंजन बनेगा। कार्गो और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के विभिन्न जिलों को 'लोकल से ग्लोबल' बनने का अवसर प्राप्त होगा।

जेवर एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों से जोड़ा गया है, जिससे आवागमन और अधिक सुगम होगा। प्रस्तावित मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब के माध्यम से मेट्रो, बस और टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। एयरपोर्ट के लोकार्पण पर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों और स्टार्ट-अप प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उनका कहना है कि इससे उनके कार्यों को गति मिलेगी और आवागमन में लगने वाले समय में कमी आएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर उत्तर प्रदेश में समावेशी, संतुलित और तीव्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो प्रदेश के हर जनपद को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करेगा।

# राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में शोधार्थी का प्री-सबमिशन

भूमि उपयोग पर नवाचार का अध्ययन प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में शोधार्थी सुहासिनी चौधरी ने "कृषि में परिवर्तित भूमि उपयोग पर नवाचार का प्रभाव: उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के संदर्भ में एक भौगोलिक विश्लेषण" विषय पर अपना शोध पूर्ण कर प्री-सबमिशन प्रस्तुत किया। शोधार्थी ने अपने शोध के प्रमुख निष्कर्षों एवं सामाजिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित प्राध्यापकों ने शोध विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए।भूगोल विभाग प्रभारी डा. आनंद कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विजय बहादुर बिष्ट, डा. रेखा रानी बंसल, डा. पारुल जैन, डा. सचिन कुमार गिरि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने 275 ग्राम स्मैक के साथ युवक को दबोचा, दो वांछित पुलिस जुटी तलाश में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 275 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहपुरा अंडरपास के पास एक युवक स्मैक के साथ मौजूद है।सूचना पर कार्रवाई करते हुए अजय पुत्र किशन लाल निवासी ग्राम भोलापुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 275 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी अजय ने बताया कि उसे गांव के ही गौतम पुत्र भगवान दास और प्रसांत उर्फ प्यारे गुर्जर ने पैसों का लालच देकर स्मैक पहुंचाने के लिए भेजा था। पुलिस अब इन दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया की अजय के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिनमें मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराएं शामिल हैं।

# बीडीएम पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान महोत्सव

■ मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाइस प्रेसिडेंट अचल मिश्रा एवं प्रधानाचार्य नमिता दीक्षित ने प्री-नर्सरी और केजी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कक्षा एक से आठ तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि छात्रों की सफलता उनके अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और समन्वय ही वास्तविक सफलता की पहचान है। कार्यक्रम में रोहित शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मढ़ी सत्याना में अपना दल कमेरावादी का सम्मेलन

■ पल्लवी पटेल ने केंद्र-राज्य सरकार पर बोला हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अपना दल कमेरावादी पार्टी की ओर से मढ़ी सत्याना मैदान में मंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी की वरिष्ठ नेता व सिराथू से विधायक डा. पल्लवी पटेल का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए डा. पल्लवी पटेल ने कहा कि यदि बुद्धिजीवी वर्ग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करता है तो समाज में दुश्वारियां खड़ी हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी सामाजिक समानता स्थापित नहीं हो सकी है और जब-जब अन्याय के खिलाफ संघर्ष होता है, तब नई सत्ता का निर्माण होता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी नियम शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला कदम है, जिससे समाज में खाई और गहरी हो रही है। पल्लवी पटेल ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर भी राज्य सरकार को घेरा और कहा कि सरकार व मंत्रियों के बीच तालमेल की कमी के कारण प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पंचायत चुनाव जानबूझकर टाले जा रहे हैं।उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार देश को कर्ज में डुबोकर अर्थव्यवस्था में सुधार होने का दावा कर रही है। अगर अर्थव्यवस्था सुधर रही है तो 80 करोड़ लोगों की जिंदगी पांच किलो अनाज पर क्यों निर्भर है।

उन्होंने ओबीसी की जातिवार जनगणना कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे ही सभी वर्गों को उनकी हिस्सेदारी मिल सकेगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले चुनाव में पार्टी यूजीसी बिल और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

जिला अध्यक्ष सुभाष पटेल ने कहा कि बैंकों में गरीबों के खातों से न्यूनतम बैलेंस के नाम पर पैसा काटा जाता है, जिसे सरकार अमीरों को फायदा पहुंचाने में खर्च करती है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सीएल पटेल ने कहा कि हमारे बच्चों के अधिकार छीने जा रहे हैं।नेमचंद गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में आनंद मोहन पटेल, राजकुमार गंगवार, अतीश गंगवार, शादाब अंसारी, मोहन स्वरूप, रवि गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार, शाह आलम, अमर सिंह गंगवार, अरविंद यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा मित्रों ने विधायक को सौंपा धन्यवाद पत्र, मानदेय बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का किया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी किए जाने पर शनिवार को क्षेत्र के शिक्षा मित्रों ने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए उन्हें आभार पत्र सौंपा।

दोनों ब्लॉकों नवाबगंज और भदपुरा के शिक्षा मित्र शनिवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के नगर स्थित आवास पहुंचे, और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उनके मानदेय में 8 हजार की बढ़ोत्तरी किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षा मित्रों ने विधायक को एक आभार पत्र भी सौंपा। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र के सभी शिक्षा मित्रों को सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों को गिनाया। कहा सरकार हर समय शिक्षा मित्रों के साथ खड़ी है। खास बात यह रही कि जहां दो दिन बाद प्राथमिक विद्यालय खुले थे लेकिन दोनों ब्लॉकों के शिक्षा मित्र विद्यालय छोड़कर नगर स्थित विधायक के आवास आ पहुंचे।

# क्षेत्र पंचायत बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** क्षेत्र पंचायत की बैठक शनिवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सदस्यों ने पिछली बैठक की पुष्टि की और विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की।

विधायक डा. डी.सी. वर्मा ने बताया कि नरखेड़ा-सिंधौली घाट पर भाखड़ा नदी में पुल एवं भिटौरा क्रॉसिंग पर उपरिगामी पुल के निर्माण के लिए धनरा. शि जारी कर दी गई है। दोजोड़ा नदी पर मनकरी के पास पैंटून पुल का निर्माण भी जारी है।एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि जीरामजी योजना से मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।बैठक में प्रधानों ने मनरेगा मजदूरों को भुगतान न मिलने का मुद्दा उठाया। इस पर बीडीओ आनंद विजय यादव ने बताया कि अब मजदूरी का भुगतान ब्लॉक स्तर से होगा और अप्रैल में सभी मजदूरों को उनका पैसा मिल जाएगा।बैठक में एडीओ पंचायत वीरपाल, मुनेंद्र शर्मा, गजेंद्र सिंह, विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी का दो अप्रैल को होगा महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध विशाल धरना प्रदर्शन



**क्योलड़िया।** समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी 2 अप्रैल को पटेल चौक पर महंगाई भ्रष्टाचार गन्ना भुगतान को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी को लेकर शनिवार को भौआ बाजार में समा. जवादी पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने की। बैठक में समस्त सेक्टर प्रमुख और सेक्टर प्रभारी सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने कहा कि महंगाई भ्रष्टाचार गन्ना मूल भुगतान गैस आदि समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी का विशाल धरना प्रदर्शन 2 अप्रैल को पटेल चौक पर किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रामगंगा में मूर्ति विसर्जन करते समय किशोर डूबे, दो को बचाया गया, एक लापता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मनकरा गांव में नवरात्रि की नवमी पर मंदिर में दुर्गा जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को हवन की राख व अन्य अवशेष सामग्री के विसर्जन के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से कैलाश गिरि घाट स्थित रामगंगा नदी पर पहुंचे।

ट्रॉली के साथ गांव के कई किशोर भी नदी किनारे पहुंच गए।बताया जाता है कि ग्रामीणों के साथ कुछ किशोर पुल के नीचे से नदी में घुस गए। दोपहर के समय गहरे पानी में जाने पर तीन किशोर डूबने लगे। यह देख ग्रामीण तुरंत नदी में कूद पड़े और अनमोल पुत्र पूसेराम व अनिल कश्यप के पुत्र को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।हालांकि तीसरा किशोर पानी में लापता हो गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों को नदी किनारे अर्जुन (पुत्र ओमवार) निवासी ढकिया मधुकर, शाहबाद के कपड़े मिले, जिससे उसके डूबने की आशंका जताई गई।सूचना मिलने पर सिरौली पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन देर शाम तक अर्जुन का कोई पता नहीं चल सका। ग्रामीणों के अनुसार अर्जुन अपनी बहन के घर मनकरा में जागरण व भंडारे में शामिल होने आया था और अन्य बच्चों के साथ ट्रॉली में बैठकर नदी तक पहुंच गया था।

# गौकशी मामले में शातिर अभियुक्त दबोचा

■ बहेड़ी पुलिस की कार्रवाई, साथियों की तलाश तेज अवैध वध कर बेचते थे मांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गौवध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में बहेड़ी पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर गौकशी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है, जबकि अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 27 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक शिव कुमार मिश्र की तहरीर पर गौवध अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्बा बहेड़ी के मोहल्ला शाहगढ़ तिराहे से करीब 50 मीटर पहले घेराबंदी कर आरोपी अरमान पुत्र दिलशाद (32) निवासी लोधीपुर, हाल निवासी मोहल्ला टांडा, कस्बा बहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तीन दिन पहले उसने अपने साथियोंख्ररवि गंगवार उर्फ रविया, सद्दाम और आशिफ उर्फ गंठा के साथ मिलकर एक आवारा गौवंशीय पशु को टेंपो से सुनसान स्थान पर ले जाकर उसका वध किया था। इसके बाद मांस व अन्य अंगों को बेच दिया, जबकि अवशेष खेत में ही छोड़ दिए थे। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह और उसके साथी अवैध असलहों के बल पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे, और इससे होने वाली कमाई से अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी करते थे।

पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में गौकशी जैसी घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा, और इसमें शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

■ महिला आयोग सदस्या पुष्पा पांडे की अध्यक्षता में कार्यक्रम, विजेताओं को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शनिवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे की अध्यक्षता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा की उपस्थिति में मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेडियम रोड नंबर-4 पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सदस्या द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ हुई। इस वाहन के माध्यम से जनपद के भोजीपुरा, फरीदपुर, क्यारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

इसके उपरांत रेलवे स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 100 मीटर दौड़ एवं कबड्डी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। 100 मीटर दौड़ में 10 बालिकाओं तथा कबड्डी प्रतियोगिता में 14 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में श्रीमती जीडी मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज, जूनियर हाई स्कूल चौपारा, चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय अटापट्टी भोजीपुरा, भारत इंटर कॉलेज भोजीपुरा एवं श्री रामस्वरूप मेमो. रियल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

दौड़ प्रतियोगिता में श्रीमती जीडी मेमो. रियल पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा धमशिखा ने प्रथम स्थान, जूनियर हाई स्कूल चौपारा की छात्रा निशा ने द्वितीय स्थान तथा चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा तुलसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में रोशनी, ट्विंकल, सरला, मीनू, सलोनी, जीतू एवं पलक की टीम विजेता रही।

कार्यक्रम के दौरान सदस्या द्वारा सभी प्रतिभागियों को ट्रैकसूट वितरित किए गए तथा विजेताओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्मृति चिन्ह, मेडल एवं कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित दर्शकों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर पार्षद सुधा सक्सेना, संरक्षण अधिकारी सौरभ, शिल्पी, चंचल गंगवार, मानसी शर्मा, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी, चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर सोनू, काउंसलर रसना गुप्ता, हरविंद्र कौर एवं जेंडर स्पेशलिस्ट शारीन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालि. काओं को सशक्त बनाना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा खेलों के प्रति जागरूक करना रहा, जिसे प्रतिभागियों के उत्साह ने सफल बना दिया।

# भाजपा बहेड़ी नगर मंडल की नई कार्यकारिणी का स्वागत सम्मान समारोह



■ साईं सुध वाटिका में हुआ आयोजन, नवनियुक्त पदाधिकारियों को पहनाए गए माला-पटके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहेड़ी नगर मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी के सम्मान में साईं सुधा वाटिका में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान नगर महामंत्री अरुण गंगवार, सचिन प्रजापति, उपाध्यक्ष कामाक्षी शर्मा, प्रेमपाल भास्कर, अवधेश सक्सैना, रूप किशोर गंगवार, सरदार इन्द्रजीत बग्गा, शिवेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश पिपलानी, मंत्री मोहित वाल्मीकि, शकुंतला देवी, अर्जुन गुप्ता, यशपाल राठौर, मनोज गंगवार और सुरेंद्र तोमर सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही। इस अवसर पर भाजपा के प्रथम अध्यक्ष कुंदन लाल धींगड़ा, भजन लाल, कुंवर सेन मौर्य, ललित शर्मा, अमरिंदर सिंह गोल्डी, अजय जायसवाल, महेश शर्मा, ओमवीर सिंह, आसे राम, ओम प्रकाश गंग. वार, दिनकर गुप्ता, हरपाल सिंह, रमेश सिंह ठाकुर, सुदेश सिंह, शक्ति गुप्ता और मुजस्सम अली खां समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डिडौली विकास खण्ड जोया (अमरोहा)**

पत्रांक- मीमो/परावि/त0ब0 / नीलामी/2026-27 दिनांक: 28/03/2026

समस्त अधिकृत ठेकेदारों को ऐतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डिडौली विकास खण्ड जोया जनपद अमरोहा मे वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतू ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायत डिडौली मे प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार, नकासा बाजार, साइकिल स्टैंड आदि की नीलामी ठेका ग्राम पंचायत सचिवालय डिडौली मे दिनांक 02-04-2026 को दोपहर 12 बजे तक दिन वार को सुनिश्चित किया गया। यह ठेका वर्ष 2026-27 के लिए दिनांक 02 अप्रैल-2026 दिनांक 31-मार्च- 2027 तक रहेगा। ठेके मे निम्न शर्तें पूर्ण करना अनिवार्य है-

नियम व शर्तें :-

1- नीलामी से पूर्व अंकन जमानत धनराशि 100000/- रुपए ग्राम पंचायत कार्यालय मे जमा कराने ठेके की जमानत धनराशि अस्वीकृत ठेकेदारो को एक सप्ताह के बाद वापस की जायेगी। तथा स्वीकृत ठेकेदार की जमानत धनराशि ठेका पूर्ण होने तक जमा रहेगी। वित्तीय वर्ष के अन्त मे समायोजित की जायेगी।

2- सरकारी बोली 20 लाख रुपए से शुरू होगी।

3- बाजार की उगाही ग्राम पंचायत समिति द्वारा दिये गये रेट के हिसाब से होगी।

4- ग्राम पंचायत का अनापत्ति / चरित्र प्रमाण पत्र आवश्यक है।

5-नीलामी ठेके की धनराशि स्वीकृत ठेकेदार को 03 किश्तों में जमा करनी होगी। प्रथम किश्त ठेकेदार को ठेका होने के उपरान्त ग्राम पंचायत के ग्राम निधि प्रथम के खाते मे जमा कराना होगा।

6- ठेके के एक सप्ताह के अन्दर यदि कोई अन्य ठेकेदार ठेका होने से अधिक का प्रस्ताव रखता है तो उसके प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा।

7-नीलामी ठेकेदार को वसूली के उपरान्त दुकानदारों को रसीद देनी होगी।

8- सम्बन्धित सभी अधिकृत ठेकेदार की हैसियत नीलामी की धनराशि के 2 गुना का प्रमाणपत्र एवं चरित्र प्रमाण की मूल प्रतिलिपी और आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड की छायाप्रति ग्राम पंचायत के सक्षम प्रस्तुत करनी होगी।

9- नीलामी का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा कि यदि किसी तरह की अनियमितता ठेकेदार द्वार पाय जाती है तो बिना कारण बताये नीलामी को रद्द कर सकता है।

ग्राम प्रधान - महीपाल सिंह
ग्राम पंचायत डिडौली
वि0क्षे0 जोया, जनपद अमरोहा

ग्राम सचिव - आलोक कुमार
ग्राम पंचायत डिडौली
वि0क्षे0 जोया, जनपद अमरोहा

# पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा, हापुड़ से जाने वाले वाहनों की टोल पर जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह को लेकर जनपद हापुड़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। समारोह में हापुड़ से शामिल होने जा रहे विभिन्न राजनी. तिक दलों के नेताओं, पदाधिका. रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहनों की सुरक्षा जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह स्वयं मैदान में उतरे और पुलिस बल के साथ कुराना टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

शनिवार को आयोजित इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की गहन तलाशी ली गई। विशेष रूप से उन वाहनों पर पैनी नजर रखी गई, जो जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए हापुड़ से रवाना हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा हर वाहन की विधिवत जांच सुनिश्चित करने को कहा। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेज, यात्रियों की पहचान और सुरक्षा मानकों का बारीकी से परीक्षण किया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मौके पर मौजूद संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम में जाने वाले सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से साफ है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा में किसी प्रकार की लाप. रवाही नहीं बरती गई। कुराना टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान यातायात को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे आम यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को ऐतिहा. सिक कार्यक्रम माना जा रहा है, जिसके चलते पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई।



# पिलखुवा में तिरपाल फैक्ट्री में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से मची तबाही, 20 लाख तक का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोहल्ला किशनगंज नई आबादी में रविवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हिंदू कन्या इंटर कॉलेज के पीछे स्थित इनाम टेक्सटाइल नामक तिरपाल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री धधकने लगी और इलाके में हड़कंप मच गया। देर रात फैक्ट्री में काम चल रहा था, तभी अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री मालिक यूसुफ के अनुसार, रात के समय फैक्ट्री में कारीगर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी कपड़े व धागों तक पहुंच गई। फैक्ट्री में भारी मात्र में तिरपाल का कपड़ा, धागा और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में भयावह रूप धारण कर लिया। मौके पर मौजूद कारीगरों ने पानी और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती चली गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को तुरंत बुलाया गया।



मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिक. ारी सचिन बालियान ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल तीन दमकल वाहनों को रवाना किया गया था।

टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को आसपास के मकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक दिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 15 से 20 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और वास्तविक नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित और निष्पक्ष समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना हापुड़ नगर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद पांडेय भी मौजूद रहे और थाने में पहुंचे लोगों की शिकायतों को दर्ज कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, आपसी कहासुनी, पारिवारिक विवाद, मारपीट तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित कई शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का सत्यापन कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी विनोद पांडेय ने भी फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य भी यही है कि छोटी-बड़ी शिकायतों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर समय रहते हो सके और लोगों को न्याय के लिए भटकना न पड़े।



# संस्कार एजुकेशनल ग्रुप के 17वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को मिली डिग्रियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप (एसईजी) में सोमवार को 17वां दीक्षांत समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2025 की स्नातक कक्षाओं के 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में बीटेक, बीफार्मा, बीआर्क, बीएफएसआई और एमबीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सवपूर्ण माहौल में सम्मान किया गया। पूरे परिसर में गर्व, उत्साह और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. शुचित बजाज, उजाला सिग्नस हेल्थ केयर सर्विसेज एवं श्रवाब फाउंडेशन के संस्थापक-निदेशक तथा वर्ष 2024 के वैश्विक सामा. जिक उद्यमी, द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद निदेशक फार्मेसी डा. बबीता कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में प्रो. (डा.) संदीप सिंघल, एनआईटी कुरुक्षेत्र के शिक्षाविद एवं शोधकर्ता, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्या मनीषा गुप्ता सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. डा. संदीप सिंघल ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और बदलते समय के साथ स्वयं को अनुकूल बनाने का संदेश दिया।

इंजीनियरिंग निदेशक डा. धर्मेंद्र सिंह ने संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया और सभी स्नातकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन काल की यादों और मित्रों के साथ बिताए पलों को साझा कर माहौल को भावुक और गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का समापन वास्तुकला निदेशक डा. राकेश अलावधी के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। संस्थान ने सभी स्नातक छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई दी।



# मां चंडी पंखा शोभायात्रा में सपा का भव्य स्वागत कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में आयोजित जगत जननी मां चंडी महारानी एवं मां काली की पंखा शोभायात्रा के दौरान धार्मिक आस्था और सामा. जिक सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता ललित सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में भव्य स्वागत कैंप लगाया गया, जहां शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा जैसे ही शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, स्वागत कैंप पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कैंप में मौजूद कार्यकर्ताओं ने मां चंडी महारानी और मां काली के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए और उन्हें जलपान कराया।

इस अवसर पर शहर के सम्मानित व्यापारी वर्ग के साथ समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ललित सिंह एडवोकेट ने कहा कि मां चंडी महारानी की शोभायात्रा शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। शहर में निकली इस भव्य शोभायात्रा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा और सेवा कार्यों ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया।



# मां की डांट से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के देहपा कमालपुर गांव में एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है।

27 मार्च की देर रात का है जहाँ मामूली पारिवारिक बात पर मां की डांट से आहत एक किशोरी ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया, जिसने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

मृतका की पहचान सफ़हा उम्र लगभग 19वर्ष पुत्री इंशाल्लाह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था।

इसी बात से आहत होकर सफ़हा ने घर के भीतर ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के समय घर में अन्य सदस्य मौजूद थे, लेकिन किसी को इस बात का भनक तक नहीं हई।

कुछ देर बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर पिलखुवा स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### यूपीआई ठगी के शिकार पीड़ित को पूरी रकम वापस, सिम्भावली साइबर टीम की मुस्तैदी से 24 हजार खाते में लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली की साइबर क्राइम टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित की पूरी 24 हजार रुपये की धनराशि शत-प्रतिशत वापस कराकर राहत दिलाई है। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली और हापुड़ पुलिस का आभार जताया।

थाना सिम्भावली साइबर सेल लगातार सक्रिय रहकर ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध करा रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम हरोड़ा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गजराज सिंह 27 अगस्त 2025 को यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार हो गए थे, जिसमें उनके खाते से 24 हजार रुपये की राशि धोखाधड़ी कर निकाल ली गई थी। मामले की शिकायत मिलते ही साइबर टीम ने तत्काल तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंकिंग चौनलों व डिजिटल ट्रांजेक्शन प्लेटफॉर्म से समन्वय स्थापित किया। लंबे समय तक लगातार प्रयास, तकनीकी विश्लेषण और बैंक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार, 28 मार्च को पीड़ित की पूरी 24 हजार रुपये की धनराशि उनके बैंक खाते में वापस करा दी गई। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे आम लोगों के लिए बड़ी राहत बताया।

### खोया मोबाइल वापस मिलते ही खिल उठा चेहरा, सिम्भावली पुलिस ने 20 हजार का फोन खोजकर लौटाई मुस्कान

**हापुड़।** आमजन की सहायता और त्वरित पुलिस कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण थाना सिम्भावली क्षेत्र में देखने को मिला, जहां पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल फोन तलाश कर उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिया। करीब 20 हजार रुपये कीमत का आईक्यू जेड9 मोबाइल फोन वापस मिलने पर स्वामी के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और उन्होंने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए जमकर प्रशंसा की। पुलिस के अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल फोन खोने की शिकायत प्राप्त हुई थी। अथक मेहनत और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने खोया हुआ आईक्यू जेड9 मोबाइल फोन बरामद कर लिया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर स्वामी बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन इतनी जल्दी वापस मिल जाएगा, लेकिन सिम्भावली पुलिस की सक्रियता और ईमानदार प्रयासों से उनका कीमती मोबाइल उन्हें वापस मिल सका। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# जिला पंचायत की अंतिम बोर्ड बैठक में कई अहम प्रस्ताव हुए पारित

'kkg VkbEl loknnkrk
ihyhHkhrA जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आज जिला पंचायत अध्यक्ष डा. दलजीत कौर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में हुई। बैठक में विकास कार्य के कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिला पंचायत की गत बैठक कार्यवाही की पुष्टि की गई।

इसके बाद जिला पंचायत के पुनरीक्षित बजट वर्ष-2025-26 एवं मूल बजट वर्ष 2028-27 के अनुमोदन पर विचार किया गया. वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जिला पंचायत की विकास योजना की कार्य योजना पर विचार हुआ। मनरेगा वर्ष 2026-27 के लेवर बजट की स्वीकृति पर विचार किया गया। बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद न रहने पर नाराजगी जताई गई। इस दौरान गुरभाग सिंह, जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद, अजय भारती, चंचल भास्कर, हरीओम राठौर, सरताज अंसारी, रजनी देवी, रेनू राज आदि जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# जे.एम.एस. इवेंट में दिखा टैलेंट और टीमवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मसूरी स्थित जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट आज उत्साह, रंगों और बच्चों की रचनात्मकता से सराबोर नजर आया, जहां छात्र-छात्राओं के कौशल को निखारने के लिए एक भव्य इवेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हुनर और उद्यमशील सोच का शानदार प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाए, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया।

कैंपस में प्रवेश करते ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। हर तरफ रंग-बिरंगे स्टॉल्स, बच्चों का उत्साह और अभिभावकों की भीड़ नजर आई। एक ओर पारंपरिक स्वाद से महकती खीर की स्टॉल पर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं, तो दूसरी ओर युवाओं की पसंद मोमोज और पिज्जा स्टॉल्स ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि बच्चों ने सिर्फ खाने-पीने की चीजें तैयार ही नहीं कीं, बल्कि स्टॉल की सजावट, ग्राहकों को आकर्षित करने की शैली और उसकी मार्केटिंग के जरिए अपनी रचनात्मक सोच और बिजनेस समझ का भी परिचय दिया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों और अभिभावकों ने एक-एक स्टॉल पर जाकर बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी मेहनत की जमकर सराहना की। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और व्यापार की बारीकियों से परिचित कराना है। जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट का यह आयोजन न केवल एक इवेंट रहा, बल्कि बच्चों के सपनों, हुनर और आत्मविश्वास को नई उड़ान देने वाला मंच भी साबित हुआ।



# बेन हर गुरुकुल में वार्षिक परीक्षाफल दिवस पर खिल उठे विद्यार्थियों व अभिभावकों के चेहरे

'kkg VkbEl loknnkrk
ihyhHkhrA बेनहर गुरुकुल की कक्षा प्री नर्सरी से 11 वीं तक सभी कक्षाओं में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। प्रातः काल से ही बच्चे अपने -अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा परिणाम जानने के लिए विद्यालय परिसर आये।

विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि लगातर अभ्यास से ही असंभव को संभव बनाया जा सकता है। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने अभिभावकों वह विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षाफल बच्चों के मानसिक स्तर को जां. चने का साधन मात्र है। यदि किसी विद्यार्थी ने कम अंक प्राप्ति किए हैं तो निराश होने की बजाय परिश्रम करते हुद सफलता की सीढ़ी चढ़ने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुद कहा कि विद्यार्थी का शैक्षणिक स्तर बढ़ाने में उपस्थिति का महत्वपूर्ण योगदन होता है, इसलिए नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होना आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त विद्यार्थीयों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया और ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने अभिभावकों से निवे. दन किया कि विद्यालय की शैक्षणिक व क्रियात्मक गति. विधियों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकी विद्यार्थी के मान. सिक स्तर को बल प्राप्त हो सके। विद्यालय की ऐकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित व एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिसर और सेल्फी प्वाइंट को सजाने में अध्यापिका रजनी दीक्षित एवं अध्यापक शिवम शर्मा का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की ओर से अब्दुल कादिर, नवील रज़ा, तईब अहमद, उस्वा नूरी, जपजी कौर, सुखमनी कौर, अंश चौधरी, शौर्य सिंह और नवरीत कौर को शत-प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार प्रमाण पत्र सहित प्रदान किया गया। प्राइमरी कक्षाओं में आरुष गंगवार, अथर्व दीक्षित, आफिया ग्याज़, आइजा और गुरुमन सिंह ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। अलाइना तारीक, गौरांशी अग्रवाल, अयान सिंह, वर्तिका शुक्ला, नविषा सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जैनुअल, मो० अली, शानवी सिंह, तविशा फातिमा, मो० अमान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।




## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः-3498/ग्रा0अ0वि0/निविदा-पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025-26 दिनांकः-18.03.2026

-:: निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सड़क निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | विकास खण्ड बिथरीचैनपुर जनपद बरेली के सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय आदर्श नगर नकटिया में कक्ष निर्माण कार्य। | 7.350 | 14700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | जोगी नवादा में शिव मंदिर के पास सी0सी0 व नाली निर्माण। (सां0नि0-बरेली) | 3.650 | 7300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | गोसाई गौंटिया में बालाजी धर्म कांटे के सामने आश्रय स्थल के पास में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण। (सां0नि0-बरेली) | 9.997 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि : दिनांकः- 07.04.2026 से 09.04.2026 तक ;पूर्वान्ह 11:00 वजे से अपरान्ह 4:00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 10.04.2026 को मध्याहन 1200 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 10.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UPID-249018, DATE-27/03/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# जेवर एयरपोर्ट से बदलती नजर आएगी सहारनपुर की तस्वीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के लोकार्पण के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की नई कहानी लिखनी शुरू हो गई है। अब तक गुरुग्राम और नोएडा तक सीमित विकास का दायरा अब आगे बढ़ेगा और इसका सीधा असर सहारनपुर में भी साफ दिखाई देगा। आने वाले समय में यहां विकास होगा, निवेश बढ़ेगा और हर क्षेत्र में बदलाव दिखेगा।

जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से जनपद के विकास का नक्शा बदलता नजर आएगा। नोएडा से जेवर होते हुए पश्चिमी यूपी एवं सहारनपुर तक एक नया विकास गलियारा बनेगा, जिसमें सहारनपुर एक अहम कड़ी के रूप में उभरेगा। स्पष्ट है कि अब सहारनपुर इस नए विकास के केंद्र में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएगा। सहारनपुर की सबसे बड़ी ताकत उसकी कनेक्टिविटी है और यही अब उसका सबसे बड़ा लाभ बनेगा। सहारनपुर व्यापार और लॉजिस्टिक्स के नए केंद्र के रूप में उभरता दिखाई देगा।

'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं को भी नई गति मिलेगी और स्थानीय कारीगरों तथा उद्यमियों को बड़ा बाजार मिलेगा। जनपद सहारनपुर के ओडीओपी उत्पाद काष्ठ कला एवं हौजरी ने वैश्विक धरातल पर जहां पहले से ही धूम मचा रखी है अब जेवर ऐयरपोर्ट के संचालन से काफी सहजता होगी। जनपद में जहां एक ओर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो यथाशीघ्र संचालित होगा, वहीं आज माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से विदेशों में सामान को निर्यात करने में फायदा मिलेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जनपद के उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका नजर आएगी। विकसित भारत को प्राप्त करने में जनपद एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

उद्योगों के लिए भी सहारनपुर अब नया विकल्प बनकर सामने आएगा। नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में जमीन महंगी होने के कारण उद्योग सस्ती और कनेक्टिव जगहों की ओर रुख करेंगे। सहारनपुर इस मामले में मजबूत स्थिति में रहेगा। यहां छोटे और मध्यम उद्योग स्थापित होंगे, वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स हब विकसित होंगे। इससे जिले में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। रियल एस्टेट के क्षेत्र में भी तेजी देखने को मिलेगी। अब निवेशकों की नजर सहारनपुर पर टिकेगी। यहां जमीन अभी किफायती है और भविष्य की संभावनाएं मजबूत हैं। आने वाले समय में नई कॉलोनियां बसेंगी, छोटे टाउनशिप बनेंगे और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। सहारनपुर का शहरी स्वरूप धीरे-धीरे बदलता नजर आएगा।

युवाओं के लिए यह एयरपोर्ट सबसे बड़ा अवसर लेकर आया है। जेवर एयरपोर्ट और उससे जुड़े उद्योगों के कारण हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अब युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने जिले में ही रोजगार पा सकेंगे। एविएशन, होटल, ट्रांसपोर्ट और सर्विस सेक्टर में नए मौके खुलेंगे। इससे युवाओं का भविष्य मजबूत होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बाहर के लोग आसानी से सहारनपुर पहुंच सकेंगे। इससे स्थानीय व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। बाजारों में रौनक बढ़ेगी और जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

जेवर एयरपोर्ट की विशेषताएं इसे और खास बनाती हैं। शुरुआती चरण में लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों की क्षमता, भविष्य में 7 करोड़ तक विस्तार, 2.5 लाख टन से 15 लाख टन तक कार्गो क्षमता, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, डिजियात्रा जैसी डिजिटल सुविधाएं और लॉजिस्टिक्स हब इसे प्रदेश का आर्थिक इंजन बनाते हैं। यह एयरपोर्ट ग्रीन एनर्जी और नेट जीरो एमिशन के सिद्धांत पर आधारित है, जो इसे आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है।

आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह परियोजना उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाएगी। यह एयरपोर्ट ६१ लाख करोड़ से अधिक का आर्थिक योगदान देगा और 'लोकल से ग्लोबल' की सोच को मजबूत करेगा।

जनपद सहारनपुर के लिए यह एयरपोर्ट एक बड़ा अवसर साबित होगा। यहां के उत्पाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे।

# विधायक चौ.किरत ने किया नई विद्युत लाइन व ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के मोहल्ला नया बांस स्थित प्राचीन श्रीराऊ वाला सिद्धपीठ महादेव एवं शनि धाम मंदिर में शुक्रवार की रात गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल ने संयुक्त रूप विद्युत विभाग की योजनांतर्गत नई विद्युत लाइन तथा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।

विधायक चौधरी किरत सिंह ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि मंदिर क्षेत्र में बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। बिजली प्रकाश होने से श्रद्धालुओं को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और मंदिर आने वाले भक्तों को बिजली,पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस नई लाइन व ट्रांसफार्मर से न केवल मंदिर बल्कि आसपास के पूरे मोहल्ले को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। विधायक चौधरी किरत सिंह ने आगे कहा कि यह मंदिर काफी प्राचीन है। वे जल्द ही सरकार को पत्र भेजकर मंदिर के सुंदरीकरण की मांग करेंगे।

मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक चौधरी किरत सिंह और जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह का आभार व्यक्त किया तथा मंदिर में बिजली सुविधा को बड़ी उपलब्धि बताया। इस दौरान पंजाब सिंह, शुभम सिरोही, चौधरी तुषार, नामित सभासद सतीश पांचाल, राकेश कश्यप, योगेश पवार, राहुल सैनी, विपिन रोहिला, अजय कश्यप, मोनू कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ज्ञापन सौंपा

**नकुड़।** भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति के बैनर तले मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

राष्ट्रीय महासचिव चौधरी कुल. बीर सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सॉफ्टवेयर हुए कहा कि क्षेत्र में विद्युत बिलों में हो रही धांधली में सुधार किया जाना अतिआवश्यक है। जबकि मीटर रीडिंग हर महीने लेकर प्रति एक माह के बिलों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए। किसानों ने यह भी मांग की है कि प्रदेश भर में रसोई गैस की कीमत होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें जल्दी सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसान पंजीकरण की सुविधा ब्लॉक स्तर पर ही होनी चाहिए।इस दौरान वाजिद श्यामलाल रिजवान फुरकान विजयपाल ओमपाल महिपाल मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवी बाला सुन्दरी मेले की तैयारी जोरों पर, सात को होगा समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के बस स्टैंड के निकट देवी बाला सुन्दरी मन्दिर में प्रतिवर्ष लगने वाले पारम्परिक मेले की तैयारियां जोरों शोरों से शुरू कर दी गयी हैं। इस वर्ष मेला 31 मार्च दिन मंगलवार से शुरू होकर 7 अप्रैल दिन मंगलवार तक चलेगा, जबकि श्रद्धालुओं चतुर्दशी तिथि 1 अप्रैल दिन बुधवार को माता बाला सुन्दरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

**माता बाला सुंदरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे श्रद्धालु**

एक सप्ताह तक चलने वाले पारम्परिक मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए खान पान व अन्य सामान के साथ साथ बच्चों के लिए खेल खिलौनों की दुकानें सजने लगी हैं। वहीं मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए सर्कस, हिंडौले, दंगल व खेल तमाशा आदि लगने शुरू हो गये हैं। प्रचीन समय से मान्यता है कि लगभग एक सो पचास वर्ष पूर्व चिलकाना क्षेत्र में महामारी के रूप में मानी जाने वाली गंभीर बीमारी चेचक का प्रकोप फैल गया था। उस समय यह बीमारी लाईलाज थी जिस कारण इससे ग्रस्त लोगों की मौत हो जाती थी। बताया जाता है कि उस समय एक बाल विधवा के स्वप्न में आकर माता देवी बाला सुन्दरी ने नगर में उनके मन्दिर का निर्माण करने को कहा, सुबह होते ही बाल विधवा ने स्वप्न की बात नगर के गणमान्य लोगों को बतायी। उन्होंने नगर में बस स्टैंड के निकट माता के मन्दिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। नगर में मन्दिर निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र के लोगों में फैली महामारी खत्म होनी शुरू हो गयी ओर लोग स्वस्थ होने लगे। तब से प्रतिवर्ष चौत्र मास में नवरात्रों के पश्चात चतुर्दशी को माता देवी बाला सुन्दरी मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्षेत्रीय लोग आकर माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाते हैं ओर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** राम नवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां सजाई गई।

शोभा यात्रा की शुरूआत में सनातन धर्म सभा मंदिर में भगवान राम की आरती राकेश सिंघल-मधु सिंघल द्वारा उतारी गई। मुख्य रथ पर सवार स्वरूप की आरती योगेंद्र गर्ग व हर्ष गर्ग ने की। झंडा पूजन राजकुमार गुप्ता, अरविंद टेबक आदि ने कराया। शोभा यात्रा के अंत मे प्रमुख रथ पर राम के स्वरूप में दर्श विभोर गर्ग विराजमान रहे। नारियल फोडकर व हरी झंडी दिखा कर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने यात्रा को शुरू किया। शोभा यात्रा में अनेक स्थानों के बैंड शामिल रहे। पानीपत-शामली से आई संकीर्तन मंडली आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा मार्ग पर अनेक स्थानों पर जलपान करा यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की गई। पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद, सुहैल खान, हाजी सलीम कुरैशी आदि ने भी अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया। शोभा यात्रा का प्रभारी राकेश गोयल, मनोज गोयल, रवि शंकर गर्ग को बनाया गया था।

यात्रा सनातन धर्म सभा से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई यहीं पर ही संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन कश्यप कुमार फौजी व राक. ेश मित्तल ने किया। अरविंद टेबक, दीपांशु गोयल, सुशील मित्तल, बिजेंद्र शर्मा, महेंद्र पिंटू, आशु गर्ग, अमरदीप सिंह लाड्डी, विवेक कुमार, सतीश गोयल, नीरज पाहूजा, बुद्धि सागर गोस्वामी, सागर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिवसेना शिंदे ने दिया तीन सूत्रीय ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** शिवसेना (शिंदे गुट) कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी डॉ पूर्वा शर्मा के माध्यम से भारत सरकार को एक तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

शिव सेना शिंदे गुट के मंडल उपाध्यक्ष शिवकुमार सक्सेना और जिला अध्यक्ष सोनू तोमर के नेतृत्व में एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को दिए गए ज्ञापन में हिंदू नेताओं की हत्याओं और देश भर में बढ़ रही गौतस्करी पर चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने और गौहत्या को एक संगीन अपराध माने जाने ,खतरे में पड़े हिंदू नेताओं को सुरक्षा दिए जाने, मारे गए नेताओं के परिजनों को आर्थिक मदद दिए जाने और विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं व गौरक्षकों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाने, गौतस्करी रोकने के लिए वेतनभोगी गौरक्षकों की एक विशेष टीम बनाए जाने, जिसे स्वतंत्र रूप से जांच और कार्रवाई करने का अधिकार हो आदि की माँग की गई है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी आंदोलन करेगी।

इस दौरान जिला महासचिव विशाल कुमार, बिजेंदर सेवई,अरविंद भटनागर,आशु पाल,अशोक भटनागर,अजय प्रजापति,सूर्यमणि भटनागर ,शुभम चौधरी ,प्रियांशु धीमान,मोहित केशव ,दीपक तोमर,भीम चौधरी, लक्की,जीत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश के साथ मजबूती से खड़े रहें देशवासी:महबूब अहमद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** व्योवर्द्ध वरिष्ठ समाजसेवी महबूब अहमद सैफी ने कहा कि देशवासियों को अफवाहों पर भरोसा नहीं करना चाहिए और देश के साथ मजबूती से खड़े रहना चाहिए।

व्योवर्द्ध वरिष्ठ समाजसेवी महबूब अहमद सैफी ने इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के दुनिया पर हो रहे असर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समय कठिन जरूर है लेकिन साथ ही एकजुटता का भी समय है।निश्चित रूप से दुनिया भर में युद्ध का प्रभाव पड़ रहा है।इसके बावजूद भारत सरकार की कार्यशैली और नीति के कारण भारत में अत्यधिक प्रभाव नहीं पड़ा है।यहाँ तक कि ईरान ने भारत के जहाजों को स्ट्रेट होरमूज से सुरक्षित निकलना सुनिश्चित कर रखा है।

महबूब अहमद सैफी ने कहा कि कुछ लोग अफवाह फैला कर अव्यवस्था फैला रहे हैं कि एलपीजी और पेट्रोल डीजल नहीं है जबकि सरकार कह रही है कोई कमी नहीं है।इसलिए सभी देशवासियों को सरकार की बातों पर भरोसा रखना चाहिए और यह समय देश और सरकार के साथ मजबूती से खड़े होने का है।

# ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** मानव सेवा को नई गति देने के उद्देश्य से फास्ट रिलीफ चैरिटी ट्रस्ट इंडिया के नए प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुकुल विश्वभारती रोहतक के ब्रह्मचारी वेदांश आर्य द्वारा वैदिक विधि से यज्ञ कराकर हुआ।

संस्थापक आशु कालियर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यालय सेवा कार्यों का केंद्र बनेगा, जहां से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राहत गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। उन्होंने संगठन की विभिन्न इकाइयों के साथ मिलकर जन-जन तक सहायता पहुंचाने का संकल्प दो. हराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त उपनि. रीक्षक जगदीश सिंह पंवार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानवता है।

सह-संस्थापक प्रदीप कुमार गुप्ता ने पदाधिकारियों में उत्साह भरते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। संचालन नरेश कुमार व संसार सिंह ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एक नजर

### हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नकुड़।** मौहल्ला बंजारान निवासी युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बाइक से किसी गांव में फ्रिज ठीक करने जा रहा था मृतक। शनिवार को नयागांव रोड़ स्थित गांव भगवानपुर के निकट एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक अन्य बाइक भी उनकी बाइक से टकरा गई जिससे बड़ा हादसा गंभीर हो गया जिसमें आदिल मिर्जा पुत्र सलीम अहमद नकुड़ निवासी बुरी तरह घायल हो गए। घटना सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व ग्रामीण घायल आदिल मिर्जा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में अन्य घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आदिल की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया मौहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

### मेधावी बच्चे किए गए सम्मानित



**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल 99.5 प्रतिशत रहा है। अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अपने वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर हर्षित पाल, गोरी ,व यथार्थ को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जंग बहादुर अग्रवाल द्वारा नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उप प्रबंधक रमेश चंद्र गर्ग, प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा व प्रबंधक मेंघगोपाल ने सभी बच्चों को निरंतर प्रगति करते रहने की प्रेरणा दी। संचालन आचार्य मंजु व रीता ने किया।

### यज्ञ में दी गई आहुतियां

**गंगोह।** आर्यनेता फूल सिंह नन्दा की पुण्य स्मृति में गांव रंगैल में आयोजित त्रिदिवसीय आंशिक ऋग्वेद पारायण यज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ के ब्रह्मा गुरुकुल दल्हेड़ी के आचार्य रणवीर व यजमान राजकुमार सपत्नीक ब्रिजेश देवी रहे। वेदपाठ ब्रह्मचारी युवराज आर्य तथा सत्यम आर्य ने किया। डा. अंकित सैनी, डा. रुपम सैनी, ब्रह्म सिंह एडवोकेट, मुल्की राज, सुरेन्द्र आर्य, अर्पित, आकाश, प्रशान्त, जयपाल, बाबूराम, रणवीर सिंह आर्य, नीलम सैनी, नव्या सैनी आदि ने यज्ञ में आहुतियां दी।

# आठ को आएगी विनियमन समीक्षा समिति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 8 व 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के जनपद भ्रमण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक के चलते अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन, आबकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, राजस्व, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, सहकारिता, नगर विकास, जल शक्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, परिवहन, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, वन विभाग, औद्योगिक विकास, सिंचाई, खाद्य एवं रसद, नमामि गंगे, पर्यावरण, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, अल्प संख्यक कल्याण, खनन, पशुधन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, नेडा आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि विगत 03 वर्षों में सदन में लगाये गये प्रकरणों के संबंध में समिति विधान मण्डल के 2026 के द्वितीय सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी इसलिए सभी विभाग स्पष्ट विवरण एवं आख्या दें। उन्होने कहा कि विवरण एवं आख्या प्रमाणित होनी चाहिए। बैठक में पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौपाल में महिलाओं को दिए सुरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित चौपाल में महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकारों एवं आत्म सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

थाना कुतुबशेर की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक सविता चौधरी, हेड कांस्टेबल मोंटी, का कविंदर और पीआरडी निशा ने नदीम कॉलोनी में आयोजित चौपालों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को समस्त हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। साथ ही बाल विवाह, साइबर अपराध की रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। इसके अलावा महिला थाना पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने महानगर के बाजारों में कोचिंग सैंटर, अस्पताल एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आने-जाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें सुरक्षा सम्बंधी टिप्स दिए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नम्बरों की भी जानकारी दी तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के सम्बंध में जागरूक करते हुए पम्पलेट भी वितरित किए।

# रिजल्ट देख आई मुस्कान



**गंगोह।** दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के घोषित वार्षिक परीक्षाफल में अपने वर्गो में सर्वोतम अंक पाने वाली मरियम, सुभानिया व इकरा तहसीन सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वालों में मायरा इमरान, मरियम, इंशा अशरफ, इकरा एवं आशिया, हुमैरा नफीस, सुभानिया एवं मन्नत के अलावा इकरा तहसीन एवं शिफा रही। प्रधानाचार्या नीरा शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की और अन्य को उनसे प्रेरणा लेकर आगामी वर्ष में अपनी मेहनत से उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्ररित किया।

# यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें: अभिनंदन

## नशे के कारोबार की रोकथाम एवं धंधे में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने के निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने महानगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुदृढ़ बनाने एवं एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही के सम्बंध में अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाईन सभागार में आयोजित गोष्ठी में एसएसपी अभिनंद ने जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया हो सके। इसके अलावा एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम, अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही तथा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरामदगी के मामलों में साक्ष्य संकलन, विधिक प्रक्रिया, सीलिंग, सैम्पलिंग एवं फॉरेंसिक परीक्षण आदि कार्यवाही पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमानुसार होनी चाहिए ताकि अभियोगों में दोषियों को सजा मिल सके। उन्होंने हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान, संदिग्ध व्यक्तियों/तत्वों पर कड़ी निगरानी एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया। इस दौरान एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात सागर जैन एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूटी से मौके पर पहुंचे विधायक आकाश सक्सेना

## राम रहीम सेतु के मरम्मत कार्य की जानी हकीकत देखी गुणवत्ता





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र के ज्वालानगर स्थित राम रहीम सेतु पर चल रहे मरम्मत कार्य का शनिवार को स्थानीय विधायक आकाश सक्सेना ने अचानक स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान विधायक स्कूटी से सीधे मौके पर पहुंचे, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में भी सक्रियता देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सेतु पर चल रहे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह सेतु क्षेत्र के आवागमन का प्रमुख मार्ग है, ऐसे में मरम्मत कार्य के दौरान आमजन को न्यूनतम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, तकनीकी पहलुओं और संभावित समयसीमा की भी जानकारी ली। इस दौरान यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। विधायक ने निर्देश दिए कि वैकल्पिक मार्गों को सुचारु रखा जाए, पर्याप्त संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए जाएं और यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और जनसुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी विधायक के मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने की सराहना की और उम्मीद जताई कि कार्य शीघ्र एवं बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरा होगा।

# 5400 लाभार्थियों को जल्द करना होगा पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए अब फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है।

उन्होंने जानकारी दी कि जनपद के लगभग 5400 ऐसे वृद्धावस्था पेंशनर, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उन्हें शीघ्र अपनी फैमिली आईडी बनवानी होगी। इसके लिए लाभार्थी अपने एंड्रॉइड फोन, नजदीकी जनसेवा केन्द्र, पंचायत सहायक अथवा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की मदद ले सकते हैं।

फैमिली आईडी बनवाने के लिए परिवार के मुखिया (वृद्धावस्था पेंशनर) सहित सभी सदस्यों के आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि पेंशनर समाज कल्याण विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों जैसे सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, पर्यवेक्षक, पंचायत सहायक या किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इच्छुक अभ्यर्थी थ्ंउपसल प्क न्च च्वतजंस पर जाकर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरांत 12 अंकों की फैमिली आईडी जारी की जाएगी।

फैमिली आईडी एक डिजिटल पारिवारिक पहचान है, जिससे परिवार रजिस्टर की नकल की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और सभी सदस्यों का विवरण एक ही स्थान पर उपलब्ध रहता है। इसके माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे परिवार तक पहुंचता है। साथ ही आय, जाति, निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में सुविधा होती है। पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति तथा किसानों को सब्सिडी का लाभ भी आसानी से मिल सकता है। जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, वे भी इस आईडी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# दफन से लौट रहे युवक पर किया जानलेवा हमला

## चाकू मारकर किया घायल, पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में दफन से लौट रहे युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले युवक को बुरी तरह से मारापीटा फिर जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने बचाव के लिए शोर मचाया तो तमाम ग्रामीण आ गए। जिस पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे घायल अवस्था में थाने लेकर गए और तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के अब्दुल रहमान का कहना है कि वह कुछ दिनों पहले एक दफन पर गया था। वहां से वापस लौटते समय रास्ते में गांव के ही शावाज, शम्मू, जलील खां और खुर्शीद खां ने उसे रास्ते पर रोक लिया और गालियां बकने लगे। उसने विरोध किया तो सभी हमलावर हो गए। आरोप है कि उसे पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। बाद में जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर लोग जुटे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी तो वह भी मौके पर आ गए और उसे घायल अवस्था में लेकर शहजादनगर थाने पहुंचे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

वहीं पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर में कुछ लोगों ने युवक रामबाबू के साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने रंजिशन रामबाबू को घेर लिया और बुरी तरह से पीटा। चाकू मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ जुटी तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे पटवाई थाने लेकर गए और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा, घर में लगाई आग

## महिला ने किसी तरह से खुद के साथ अपने बच्चों की बचाई जान, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने महिला का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता और घर खर्च के लिए कोई रुपया नहीं देता। इतना ही नहीं एक दिन शराब के नशे में उसने घर में आग लगा दी। जिससे काफी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। विवाहिता ने खुद के साथ ही अपने बच्चों को किसी तरह से बचाया। इसके बाद पति ने मारपीट कर बच्चों संग उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने सिविल लाइंस कोतवाली में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की कपड़ा मिल ज्वालानगर की निवासी ईशा का कहना है कि करीब पांच साल पहले उसका विवाह बिजनौर जिले के नूरपुर निवासी अमित शर्मा के साथ हुआ था। विवाह के वक्त मायके वालों ने पर्याप्त दहेज दिया था। इसके बाद भी पति अमित दहेज से खुश नहीं था और अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। इंकर करने पर आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। मौजूदा समय में उसके दो बच्चे हैं। पीड़िता के अनुसार पति घर खर्च के लिए रुपये भी नहीं देता है और कई-कई महीनों तक घर नहीं आता है। बच्चों का पेट भरने के लिए वह लोगों के घरों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। इसके बाद भी उसने कभी शिकायत नहीं की। आरोप है कि एक दिन अमित शराब के नशे में आया और उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसने घर में आग लगा दी। जिससे काफी सामान जल गया। किसी तरह उसने खुद की और बच्चों की जान बचाई। इसके बाद पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मायके आने के बाद पीड़िता ने सिविल लाइंस कोतवाली में पति अमित शर्मा के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अग्निवीर वायु ( खेल ) भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रभारी क्रीड़ाधिकारी सन्तोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु (खेल) इनटेक 02/2026 (महिला एवं पुरुष दोनों) की भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस भर्ती में प्रदेश के अधिक से अधिक उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अभ्यर्थी निर्धारित सूची के अनुसार विभिन्न खेलों में आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य दिशा-निर्देश भारतीय वायु सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जहां से अभ्यर्थी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# एसपी ने जनसुनवाई कर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

# दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट युवती का हाथ टूटा पुलिस ने दो भाइयों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक युवती का हाथ फ्रैक्चर हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर शांति भंग करने के आरोप में एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया। मानपुर उत्तरी निवासी जमील और लईक के बच्चों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते बड़े झगड़े में बदल गया। दोनों पक्षों के लोगों के बीच लात-घूंसों और डंडों से मारपीट हुई। मारपीट के दौरान लईक की 17 वर्षीय पुत्री बब्बो के हाथ में लाठी लगने से उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोपी दो सगे भाई निजामुद्दीन और अयान पुत्र जमील को हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट में चालान कर दिया। घायल युवती को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

# रामपुर में उर्वरकों की भरपूर उपलब्धता

## किसानों से संतुलित उपयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में वर्तमान समय में 18,615 मीट्रिक टन यूरिया, 9,207 मीट्रिक टन एनपीके तथा 2,458 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि वे फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय एवं उपयोग करें। उन्होंने बताया कि इस समय गन्ना और मक्का की फसल खेतों में खड़ी है, लेकिन कई किसान आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ने के साथ-साथ पानी की मांग भी अधिक हो रही है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि उर्वरक खरीदते समय आधार कार्ड और भूमि की खतौनी उर्वरक विक्रेता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का भंडारण न करें। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता कालाबाजारी करता है, निर्धारित मूल्य से अधिक दर वसूलता है या उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने के लिए बाध्य करता है, तो किसान तुरंत 7839882763 एवं 9458846182 नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में शनिवार, 28 मार्च 2026 को उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले 8 बच्चों के अभिभावकों को ग्राम प्रधान जावेद अली द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के 6 अनुशासित बच्चों को मेटल की पानी की बोतलें भेंट की गई, जबकि 24 मेधावी छात्रों को ज्यामिति बॉक्स और कलर बॉक्स देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मिड डे मील समिति के 4 बच्चों को भी मेटल की पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान जावेद अली ने कहा कि जिन बच्चों की पूरे सत्र में सबसे अधिक उपस्थिति रही है, उनके अभिभावकों को सम्मानित करने का उद्देश्य दूसरों को प्रेरित करना है। इससे अन्य बच्चे और उनके अभिभावक भी नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों में नईम अली, मिक्की खान, रिजवान अली, सुरेश, बब्बो, सुनीता, उर्मिला और राकेश सैनी सहित कई लोग सम्मानित किए गए। वहीं मिड डे मील समिति के बच्चों रिजवा, इशा, राधिका और विधि, तथा अनुशासित बच्चों अर्श, जतिन, राजेश, कमल, अयान और सन्नी को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और अभिभावकों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

न्यायालय सिविल जज (प्रवर वर्ग)
जिला रामपुर
विविध वाद संख्या-157 सन् 2025
श्रीमती जरीना बेगम आदि
बनाम श्रीमती सायरा बेगम आदि

बनाम- 1. श्रीमती सायरा बेगम पत्नी स्व0 श्री शाहिद अली
2. कु0 सहरीन पुत्र स्वा श्री शाहिद अली
3. सारान पुत्र स्व0 श्री शाहिद अली
4. साजिद अली पुत्रगण स्व0 श्री अहमद अली खां निवासी मौहल्ला मस्जिद जसौंधी पधान, शहर व जिला रामपुर।
5 मौहम्मद हारिस
6. मौहम्मद कैफ पुत्रगण स्व0 श्री शाकिर अली खां निवासीगण मस्जिद जसौधी पधान, शहर व जिला रामपुर।
7. श्रीमती इरशाद बेगम पत्नी श्री फजीलत शाह खां निवासनी मौहल्ला मस्जिद जसौधी पधान, शहर व जिला रामपुर।
8. मुशाहिद यार खां
9 मुजाहिद यार खां
10. मुर्शीद यार खां
11. मुकर्रम यार खां पुत्रगण मुबाहिद यार खां निवासीगण मीठा कुआ, महल कुमेदान, शहर व जिला रामपुर।
12. श्रीमती नायाब बेगम पत्नी श्री जमालुद्दीन सिद्दीकी निवासनी दोमहला रोड, शहर व जिला रामपुर।
13. श्रीमती रूखसाना बेगम पत्नी श्री जाहिद अली खां
14. श्रीमती अरशद जहां बेगम पत्नी स्व0 श्री रहमान अली खां
15. आसिम खां
16. इमरान रहमान पुत्रगण स्व0 श्री रहमान अली खां
17. कु0 शमा रहमान पुत्री स्व0 रहमान अली खां
18. कु0 शहजी रहमान पुत्री स्व0 रहमान अली खां समस्त निवासीगण मौहल्ला जसौधी पधान की मस्जिद, शहर व जिला रामपुर।
19. श्रीमती फरहा रहमान पुत्री स्व0 रहमान अली खां पत्नी श्री इमरान निवासी मौहल्ला थाना हजियानी, शहर व जिला रामपुर। ....
विपक्षीगण प्रतिवादीगण

चूंकि उपनिरीमांकित प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अन्तर्गत धारा-5 मियाद अधिनियम अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिये 15.04.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में सफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 25.03.2026 को निकाली गई।

न्यायालय सिविल जज (प्रवर वर्ग)
जिला रामपुर।

# सभी विभाग ई-ऑफिस पर शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

## ई-ऑफिस लागू करने में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सभी विभागों में होने वाले शासकीय कार्य अब ई आफिस प्रणाली के तहत किए जाएंगे। इस संबंध में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने सभी अधीनस्थों को आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय है। सभी कर्मचारियों को ई आफिस मैपिंग करना अनिवार्य है। उसी के आधार पर उनका वेतन दिया जाएगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी शासकीय कार्य अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संपादित किए जाएं। जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि समस्त विभाग अपने सभी कार्मिकों (चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालक को छोड़कर) को ई-ऑफिस पर अनिवार्य रूप से मैप कराएं। यदि किसी कार्मिक की ई-ऑफिस पर मैपिंग नहीं कराई गई है, तो ऐसे कार्मिक का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। डीएम ने बताया कि माह मार्च के वेतन आहरण के समय कोषागार में बिल प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष/ आहरण-वितरण अधिकारी को एक प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। जिसमें यह उल्लेख होगा कि संबंधित सभी कार्मिक ई-ऑफिस पर मैप हो चुके हैं तथा सभी पत्रावलियों का निस्तारण ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्त कार्यालयाध्यक्ष/आहरण-वितरण अधिकारी यह प्रमाणित करें कि उनके कार्यालय में सभी शासकीय कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से ही संपादित हो रहे हैं तथा कोई भी कार्मिक (चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालक को छोड़कर) ई-ऑफिस पर मैप होने से वंचित नहीं है। इसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही संबंधित कार्मिकों के आगामी माह का वेतन आहरित किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्देशों के अनुपालन में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/ आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे तथा उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीनवुड स्कूल में कक्षा 5 के छात्रों का ग्रेजुएशन समारोह भव्यता के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर के प्रतिष्ठित ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर के लोकसभा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ, जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर शाहिद खान, जॉइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद सहित समस्त स्टाफ ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया।

समारोह के दौरान कक्षा 5 के टॉपर्स एवं सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा परीक्षा परिणाम, मैडल एवं उपाधि देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व को समझाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के डायरेक्टर शाहिद खान एवं प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि एवं सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और यादगार पल साबित हुई। कक्षा 5 से कक्षा 6 में प्रवेश करने वाले बच्चों ने अपने शिक्षकों से विदाई के दौरान भावुक होकर इस विशेष क्षण को संजोया। कक्षा 5 के टॉपर्स - अल्विया हसन, आरभ गंगवार, अथर्व कुमार अयान अहमद, नताशा वजाहत, अजहर खान सादिया, जुबिया अनस, रहनुमा : अनिरुद्ध सैनी, फिरोज खान, निव्या एम. आशारिब, रिदा फातिमा, उमर अफरोज रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से सैलून संचालक की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी।** सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से हेयर सैलून संचालक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 13 निवासी जरीफ अहमद (पुत्र मोहम्मद शफी) की 23 मार्च की शाम खाना खाने के बाद सड़क पार कर रहे थे। तभी बाजपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें काशीपुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद रफी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डॉ. सुल्तान अहमद सैफी की अध्यक्षता में इम्पैक्ट कॉलेज में पर्यावरण गोष्ठी व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**











**रामपुर।** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को होप ट्रस्ट के सहयोग से पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी, पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वनों का महत्व और वृक्षारोपण" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुल्तान अहमद सैफी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरताज अहमद (एमडी) एवं डायरेक्टर डॉ. कौशल कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रीना शर्मा (पुलिस विभाग) तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता शर्मा (एंटी रोमियो स्क्वाड) मौजूद रहीं। कार्यक्रम के मेंटर एवं प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद रहे। आयोजन फैसल शाह खान द्वारा किया गया, जबकि संचालन कुमारी मुबश्शरा ने किया। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत के खतरों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रीना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। श्रीमती संगीता शर्मा ने महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता पर जोर दिया। समाजसेविका नाजिया खान ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज की ओर से प्रवक्ता डॉ. दानिया अहमद और नगमा बी ने भी पर्यावरण विषय पर विचार रखे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में मनप्रीत कौर, रमजा खान, फाइजा, अनामिका, मोहिनी, रिशु गुप्ता, प्रशांत और अहमद रजा ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुल्तान अहमद सैफी ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहता है। एमडी सरताज अहमद द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए तथा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विक्की सैनी रहे। आयोजक फैसल शाह खान ने सभी अतिथियों, कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

# मुंबई इंडियंस का लक्ष्य: मनहूस योग को पीछे छोड़ना

### रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी खोई हुई साख वापस पाने की कोशिश करेगा मुंबई

**मुंबई, वार्ता।** जब भी आईपीएल शुरू होता है, मुंबई पर एक अजीब तरह का सस्पेंस छा जाता है। यह सस्पेंस खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर किसी अनिश्चितता से पैदा नहीं होता, बल्कि एक पुरानी आदत की वजह से होता है।

मुंबई इंडियंस, एक ऐसी टीम जिसे ट्रॉफियां जीतने और पूरे सीजन पर अपना दबदबा बनाए रखने की आदत है, हर साल सीजन की शुरुआत में अपने ही इतिहास के एक दबे हुए बोझ के साथ मैदान पर उतरती है – यह बोझ है शुरुआती मैच जीतने में उनकी लगातार नाकामी का। अब यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रह गया है, बल्कि एक अंधविश्वास बन गया है जो पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। रविवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में, उन रोश. नियों के नीचे जिन्होंने कई रोमांचक मैच देखे हैं, मुंबई इंडियंस एक बार फिर इस कमी को दूर करने की कोशिश करेगी। उनके विरोधी, कोलकाता नाइट राइडर्स, शायद ऐसी कहानियों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। वे इस मैच को मुंबई के लिए अपनी खोई हुई साख वापस पाने का कोई अनुष्ठान नहीं मानेंगे, बल्कि इसे एक मौके के तौर पर देखेंगे – एक सीधा, साफ और बिना किसी भावुकता वाला मौका – टूर्नामेंट की शुरुआत में ही बढ़त बनाने और एक मजबूत टीम को उसके अपने ही घरेलू मैदान पर बैकफुट पर धकेलने का मौका। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम के पास उम्मीदें भी हैं और अनुभव भी। उनकी बैटिंग लाइन. अप में एक जानी-पहचानी मजबूती है( यह एक ऐसी लाइन. अप है जो एक छोटे से स्कोर को भी एक बड़े और मजबूत स्कोर में बदल सकती है, या फिर किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा इतनी आसानी से कर सकती है, जैसे कि यह कोई पहले से की गई रिहर्सल हो। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा की मौजूदगी टीम को एक शांत और मजबूत आधार देती है, वहीं सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी और अलग तरह की बैटिंग शैली के साथ टी20 क्रिकेट के आधुनिक चेहरे को दिखाते हैं – निडर, नए-नए प्रयोग करने वाले, और अक्सर गेंदबाजों को हैरान कर देने वाले। पंड्या खुद इस टीम की दोहरी भूमिका को बखूबी निभाते हैं: एक आक्रामक बल्लेबाज और एक चतुर कप्तान, जिनसे ऐसे अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान देने की उम्मीद की जाती है, जब हिम्मत और सूझबूझ, दोनों की जरूरत होती है। उनके आस-पास तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी और मैच को फर्निश करने वाले अन्य विकल्प टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह पक्का हो जाता है कि मुंबई का मिडिल या लोअर ऑर्डर शायद ही कभी कमजोर पड़ता है। उनकी गें. दबाजी में भी एक ऐसी मजबूती है, जिसकी हर कोई इज्जत करता है। जसप्रीत बुमराह, अपनी अचूक गेंदबाजी और दबाव में भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने की काबिलियत के साथ, एक ऐसे गेंदबाज हैं जो सिर्फ एक ही ओवर में पूरे मैच का रुख बदल सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट की स्विंग और दीपक चाहर की कसी हुई गेंदबाजी का साथ मिलने से, मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण सिर्फ कामचलाऊ नहीं, बल्कि बेहद धारदार और असरदार बन जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कम निश्चितताओं और ज्यादा सवालों के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। अजिक्य रहाणे की कप्तानी में-जो अपनी शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, न कि दिखावे के लिए-टीम में खिलाड़ियों और सोच, दोनों में बदलाव आए हैं। उनकी बैटिंग लाइनअप में आक्रामकता और स्थिरता का बेहतरीन मेल है( इसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो विस्फोटक पारियां भी खेल सकते हैं और संभलकर पारी को आगे भी बढ़ा सकते हैं। फिन एलन, सुनील नारायण और रिकू सिंह इसी विस्फोटक मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं-वे शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन उतना ही उनकी टाइमिग और पिच के हालात पर भी निर्भर करता है। कोलकाता के लिए चुनौती सिर्फ उनकी बैटिंग में ही नहीं, बल्कि उनकी बॉलिग में भी है। उन्हें ऐसी पिच पर खेलना होगा जो पारंपरिक रूप से स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है।

# 2026 टूर पर मेरा आखिरी सीजन होगा: गोफिन

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेल्जियम के डेविड गोफिन ने घोषणा की है कि 2026 एटीपी टूर पर प्रतिस्पर्धा करने का उनका आखिरी सीजन होगा। 35 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट में इस फैसले की पुष्टि की। गोफिन , जो एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 7 खिलाड़ी रह चुके हैं, छह बार के टूर-स्तरीय चैंपियन हैं और उनका मैच रिकॉर्ड 357-275 है। गोफिन ने वीडियो में कहा, ष्कुछ फैसले लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं।

मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दे दिया है, और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैच, मुकाबले, जीत, हार। भावनाएं। वे लोग जो इन सबमें मेरे साथ थे। और इसीलिए यह मेरी



जदिगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक रहा है। इस बेल्जियम खिलाड़ी ने अब तक शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 21 जीत हासिल की हैं, जिनमें रोजर फेडरर के खिलाफ एक जीत, राफेल नडाल के खिलाफ दो जीत और नोवाक जोकोविच के खिलाफ एक जीत शामिल है। हाल ही में, गोफिन ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

## खेल विशेष

### इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी के नाम पर स्टैंड का नाम रखा

**फ्लोरिडा, वार्ता।** अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ यूरोप में ट्रॉफियों से भरे करियर के बाद 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 असिस्ट के साथ रिकॉर्ड असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने अपने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का एक अनोखा कदम उठाया है। इंटर मियामी ने कहा: ष्परंपरागत रूप से, सम्मान अतीत की ओर देखते हैं। वे पुरानी यादों से बनते हैं। स्मृतियों से।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'लक्ष्य 3.0' स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'लक्ष्य 3-0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, आर्म रेसलिग और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डा. देवेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन एवं समापन समारोह में कुलपति प्रो- (डा.) उमा भारद्वाज और रजिस्ट्रार डा. मुकेश पराशर की गरिमामई उपस्थिति रही।

# स्टेफनी टेलर की सेंचुरी के बावजूद विंडीज हारा, ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में पहले मैच में वेस्ट इंडीज पर 103 रनों की आसान जीत के साथ, सोफी मोलिन्यू के वनडे कप्तान के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत की। मेहमान टीम ने 341 रन बनाए और फिर वेस्ट इंडीज को 238/8 पर रोक दिया,

जबकि स्टेफनी टेलर ने 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। बैटिंग करने का फैसला करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 75 रनों की ओप. निंग पार्टनरशिप के साथ मजबूत शुरुआत की। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फीबी लिचफील्ड ने 72 गेंदों में 77 रन बनाकर पारी को संभाला, इस दौरान वेस्ट इंडीज ने उन्हें दो बार कैच छोड़ने का मौका दिया। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर लय बनाए रखी, लेकिन कुछ विकेट गिरने के बाद रन बनाने की गति थोड़ी धीमी हो गई। नंबर 4 पर बैटिंग करते हुए मोलिन्यू, डेब्यू करने वाली ताहलिया विल्सन द्वारा स्टंपिग के दो मौकों से बच गई और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की पार्टनरशिप में 47 रन बनाए, निक. ोला कैरी ने खुद 49 रन बनाए। इस पार्टनरशिप के अलावा, जॉर्जिया वेयरहम (42) के आखिर में दिए गए योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचाया और उन्हें एक मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। अफी फ्लेचर ने तीन विकेट लिए, लेकिन अपने 10 ओवरों में 83 रन खर्च किए। वेस्ट इंडीज को एक बड़े लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन उन्होंने कप्तान हेली मैथ्यूज सहित शुरुआती विकेट जल्दी खो दिए और जल्द ही मैच में पीछे रह गए। स्टेफनी टेलर ने एक नाबाद सेंचुरी के साथ पारी को संभाले रखा-यह 2021 के बाद उनकी पहली वनडे सेंचुरी थी-लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास मदद नहीं मिली। चिनले हेनरी के 38 रन वेस्ट इंडीज की ओर से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। किम गार्थ सबसे बेहतरीन गें. दबाज रहीं और उन्होंने दोनों ओपनर्स को आउट किया, उन्होंने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। 16वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने डियांड्रा डॉटिन को रन आउट कर दिया, और भले ही चिनले हेनरी और टेलर ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पूरे मैच के दौरान हावी रहा। गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम में योगदान दिया।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दिग्गज बल्लेबाज एम.एस. धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच खिताब दिलाए हैं, पिडली में खिचाव के कारण टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगे।

एक संक्षिप्त, एक-लाइन के बयान में, सीएसके ने कहा कि धोनी पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज और सुधार) करवा रहे हैं और मौजूदा सीजन के पहले दो हफ्तों में उन्हें मैदान पर खेलते हुए नहीं देखा जाएगा। बयान में कहा गया कि एम.एस. धोनी इस समय पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करवा रहे हैं। इसके चलते, उनके टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते न खेल पाने की संभावना है। जल्दी ठीक हो जाइए, थाला! इस करिश्माई क्रिकेटर ने सीएसके को 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जिताए हैं, यह एक ऐसा



रिकॉर्ड है जिसे वह मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझा करते हैं। दरअसल, धोनी और रोहित ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी उन सभी अभियानों में की है जिनमें उनकी टीमों ने खिताब जीते, और वे आरसीबी के विराट कोहली और मनीष पांडे के साथ उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी 18 सीजन में हिस्सा लिया है। सीएसके, जो पिछले दो सीजन (2024 और 2025) में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी (इन दोनों सीजन में सीएसके ने सिर्फ चार मैच जीते थे, इस साल अपनी जीत के फॉर्मूले पर वापस लौटकर अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रही होगी। हालांकि, धोनी की चोट को लेकर अचानक पैदा हुई चिंताओं ने कुछ घबराहट पैदा कर दी है। मैदान पर उनके विशाल अनुभव और मार्गदर्शन की कमी सीएसके को बुरी तरह खलेगी, क्योंकि सीएसके अपने 2026 आईपीएल अभियान की शुरुआत गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद, मैच वापस अपने घरेलू मैदान पर होंगे, जहां सीएसके 3 अप्रैल को यहां के ऐतिहासिक एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# एमआई के अभ्यास सत्र से नदारद रहे बुमराह, सैंटनर और जैक्स

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले से दो दिन पहले आयोजित अनिवार्य ट्रेनिंग सत्र से जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर और विल जैक्स नदारद रहे।

बुधवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि बुमराह स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग पर काम करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं। बुमराह के पहला मैच खेलने की उम्मीद है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दल से कब जुड़ेंगे। 8 मार्च को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल हारने के बाद सैंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर पर तीन टी20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की थी और अंतिम दो मुकाबलों के लिए उन्हें ब्रेक दिया गया था। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर विमान में इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है



कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं। रविवार के मुकाबले से पहले एमआई और केकेआर दोनों ने वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया। एमआई से रोहित शर्मा ने सबसे पहले नेट्स पर स्ट्राइक लिया, एक घंटे से ज्यादा की बल्लेबाजी में उन्होंने तेज गेंदबा. जी का विशेष तौर पर सामना किया। शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या ने उन्हें जमकर गें. दबाजी की, जिसमें काफी शॉर्ट पिच गेंदें शामिल थीं। हार्दिक ने लगभग एक घंटे की गें. दबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। एमआई के लिए बड़ा सवाल सलामी जोड़ी को लेकर है कि रोहित के साथ रायन रिकल्टन और क्विटन डी कॉक में से कौन पारी की शुरुआत करेगा। दोनों दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज अभ्यास सत्र में मौजूद थे।

रिकल्टन ने रोहित के साथ बल्लेबाजी करने के अलावा विकेटकीपिग का भी अभ्यास किया जबकि डी कॉक ने फील्डिग का अभ्यास किया। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी की और उन्होंने पावर हिटिग का अभ्यास किया। दानिश मालेवर भी अभ्यास सत्र में मोजूद थे जिन्हें एक शानदार घरेलू सीजन के बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में एमआई ने खरीदा। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में गेंदबाजी कोच लसित मलिगा की निंगरानी में एमआई के तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मोहम्मद इजहार ने गेंदबाजी की।

# आईपीएल 2026 में झारखंड के सात युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, वार्ता।** झारखंड के लिए आईपीएल 2026 खास मायने रखता है, क्योंकि राज्य के 6 युवा खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए मैदान पर उतरेंगे। क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज आज से हो रहा है और इसके साथ ही पूरे देश में क्रिकेट का खुमार चरम पर पहुंचने वाला है।

यदि महेंद्र सिंह धोनी को भी इसमें जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या उनके प्रसिद्ध जर्सी नंबर की तरह 7 हो जाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस प्रदर्शन का असर आईपीएल चयन में भी दिखा है, जहां कई खिलाड़ियों को मौका मिला है। इस सीजन में सभी की नजरें इन खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करने उतरेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा कप्तान ईशान किशन की है, जो इस बार सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम को खिताब दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास चरम पर है और वे शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 166 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए डेथ ओवरों में टीम को मजबूती दी। ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है। टूर्नामेंट में 303 रन और 18 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ गई है। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 422 रन 161 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस बार वे गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे, जहां उनका यह दूसरा सीजन होगा। तेज गेंदबाज सुशांत, जो अपनी तेज रफ्तार और बाउंसर के लिए जाने जाते हैं, को इस बार राजस्थान रॉयल्स ने टीम में शामिल किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 22 विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की है। वहीं, रांची के उभरते हुए स्पिनर अमित कुमार के लिए यह पहला आईपीएल सीजन होगा। अंडर-23 और एज ग्रुप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है और अब वे बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 झारखंड के इन खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है। अगर ए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ने में सफल रहते हैं।

# भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने आईपीएल टिकट लेने से मना किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** राजनीतिक परंपरा से हटकर एक अनोखे कदम में, भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को कर्नाटक की राजनीति में गहरे जमे ष्वीआईपी कल्चरष पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विधायकों को दिए जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट लेने से मना कर दिया, और इस बात पर हैरानी भी जताई कि विधानसभा स्पीकर ने भी सदन की कार्यवाही के दौरान ऐसी ही मांगें दोहराईं।

अपने इस फैसले को विशेषाधिकार के खिलाफ एक स्टैंड बताते हुए, सुरेश कुमार ने कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि ऐसा कल्चर सभी पार्टियों में फैला हुआ है, यहां तक कि एक ष्खुद को समाजवादी कहने वाले मुख्यमंत्रीष के नेतृत्व



वाली सरकार में भी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, उन्होंने उस सरकार की कथनी और करनी में अंतर पर सवाल उठाया, जो समा. जवादी मूल्यों की बात तो करती है, लेकिन ऐसी प्रथाओं को चलने देती है। उन्होंने एक कड़े बयान में कहा कि यह वीआईपी कल्चर और विशेषाधिकार की राजनीति सभी पार्टियों में फल-फूल रही है। इसी वजह से, एक वर्ग के तौर पर राजनेताओं की छवि, विश्वसनीयता और इज्जत लोगों की नजरों में बहुत नीचे गिर गई है। हाल ही में हुई विधानसभा की कार्यवाही को याद करते हुए, राजाजीनगर के विधायक ने कहा कि ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी जैसे शासन से जुड़े मुद्दों पर होने वाली चर्चा अचानक आईपीएल मैचों और ज्यादा टिकटों की मांग की ओर मुड़ गई, खासकर उन मैचों के लिए जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं विधायकों के लिए टिकट मांगने के विचार का विरोध करना चाहता था, लेकिन जब मैंने स्पीकर को भी वैसी ही बातें कहते सुना तो मैं हैरान रह गया, और इसलिए मैंने खुद को रोक लिया। उन्होंने इसे राजनीतिक विशेषाधिकार को संस्थागत रूप से स्वीकार किए जाने का एक गहरा संकेत बताया। सुरेश कुमार ने राजनीतिक आचरण में इस ष्विसंगतिष की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री ऐसे ष्वीआईपी कल्चरष का विरोध करेंगे, लेकिन उन्हें पिछले साल विधान सौध के सामने अपने परिवार के साथ आईपीएल की जीत का जश्न मनाने में मुख्यमंत्री की भागीदारी की याद आ गई। उन्होंने विधायकों में 'संवेदनहीनता' पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकारों की मांग ऐसे समय में की जा रही है, जब बेकसूर लोगों की जान जाने वाली एक पिछली त्रासदी की यादें अभी भी ताजा हैं।

### सिनर फाइनल में सनशाइन डबल से एक जीत दूर

**फ्लोरिडा, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ लगातार अपना सातवां मैच जीतकर चौथी बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इटली के सिनर ने 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल की और रविवार को उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। सिनर तीन साल में अपना दूसरा मियामी खिताब जीतने का लक्ष्य बना रहे हैं। साथ ही, इस महीने इंडियन वेल्स में जीत के बाद, वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रहे हैं। चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और मौजूदा विबलडन चैंपियन सिनर ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी जर्मनी के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया था। सिनर ने कहा कि यह एक शानदार दौर रहा है।

# बंगलादेश आईपीएल के प्रसारण पर लगे बैन पर फिर से विचार करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगा बैन, आवेदन मिलने पर हटाया जा सकता है। जर्मन ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा कि अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो उस आवेदन पर विचार किया जाएगा। स्वपन ने ब्रॉडकास्टर से कहा कि किसी ने भी हमसे आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन नहीं किया है।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार से शुरू होगा और इसका फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। स्वपन ने आगे कहा कि बांग्लादेश के केबल ऑपरेटरों पर भारतीय ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा टूर्नामेंट के प्रसारण को दिखाने पर कोई बैन नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम किसी को भी इसका प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वे कर सकते हैं। अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे सकारात्मक रूप से लेंगे, लेकिन हम किसी पर कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करेंगे। इससे पहले, जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में थी, तब आईसीटी मंत्रालय ने एक पत्र जारी किया था, जिसमें देश के सभी टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को टूर्नामेंट का प्रसारण न करने का निर्देश दिया गया था। उस पत्र में दावा किया गया था कि यह फैसला 'जनहित' में लिया गया है।




नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी में एलपीजी सिलेंडर की जारी आपूर्ति संकट के बीच सिलेंडर खरीदने के लिए कतार में खड़े लोग।

## रूस-ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की 'बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई' से उत्पन्न 'गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट' पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ईरान में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमला: IAEA

## महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने की अधिकतम संयम बरतने की अपील

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला हैऔर न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है, पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है।

इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है। महानिदेशक ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई है। इस बीच, एजेंसी ने कहा कि खोंदाब में ईरान के भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमले के बाद रेडिएशन फैलने का कोई खतरा नहीं है। एजेंसी ने एक्स पर कहा कि ईरान ने आईएईए को जानकारी दी है कि आज खोंदाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर भी हमला हुआ है। चूंकि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है, इसलिए रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, ईरान ने आज यह भी बताया कि एक औद्योगिक इकाई-माप-तोल के लिए सीलबंद खुजेस्तान स्टील उत्पादन फैक्ट्री जो सीओ.60 और सीए.137 रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करती है । उस पर भी हमले हुए, लेकिन इससे बाहर कोई रेडिएशन नहीं फैला।



■ अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है

### परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए रूस प्रयासरत: उल्यानोव

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा कि रूसी संघ इजरायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफ्रोंकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है। सफ्रोंकोव ने बताया कि रूस सभी पक्षों के साथ लगभग दैनिक संपर्क बनाए हुए है और उन्हें राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए रूस ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के रूस से प्रतिबंध हटाने की संभावना नहीं: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी से जुड़े और राज्य ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल की समाप्ति तक अमेरिका के रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने की संभावना कम है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिका का दौरा करने वाले रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख निकोनोव ने संवाद समिति 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि इस मामले में उनका जवाब 'संभवत: 'नहीं' है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नई शुरुआत: गुरुंग

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नई शुरुआत है। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है, यह सिर्फ न्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा 'मेरा मानना है कि देश अब नई दिशा में बढ़ रहा है।' पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़गे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। उन्होंने लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# अब अगला नंबर क्यूबा का: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूएस सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए दी धमकी

**मियामी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रम्प ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि और वैसे, क्यूबा अगला है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है। वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है। ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा। वह पीछे हट रहा है, जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं। उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे इसका इस्तेमाल आप पर, इजराइल पर और सभी पर करते। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि दूसरे कार्यकाल से पहले सऊदी नेतृत्व ने उन्हें कम आंका था। ट्रम्प ने अपने संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी भरोसा जताया, जो इस संघर्ष से जुड़े बाजार उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था फिर से उभर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह युद्ध खत्म होगा, तो यह रॉकेट की तरह होगा। मुझे लगा था कि हम और नीचे जाएंगे और तेल की कीमतें इससे अधिक बढ़ेंगी। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह लगभग खत्म है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



■ ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया

### ईरान के खिलाफ 'सैन्य अभियान' बहुत अच्छी स्थिति में: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ष्बेहतरीन ढंग सेष आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में 'सबसे गंभीर सेंध' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान 'महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में' समाप्त हो जाएगा।

### नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिका: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। ट्रम्प ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा कि हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैए को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है। ट्रम्प ने 17 मार्च को कहा था कि नाटो ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर 'बहुत बड़ी गलती' की है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश नाटो देश इस अभियान में शामिल नहीं होना चाहते, जो उनके लिए आश्चर्यजनक नहीं है, और उन्होंने गठबंधन को 'एकतरफा व्यवस्था' करार दिया।

# डब्ल्यूटीओ में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत हो: भारत

■ व्यापार समझौतों में विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही को दूर करने पर बल दिया

■ भारत ने विश्व व्यापार संगठन में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत रखने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सर्वसम्मति के आधार पर निर्णय की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और पिछले दौर के व्यापार समझौतों में उन सामान व्यवस्थाओं को दूर करने पर बल दिया है, जो विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही हैं। कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारतीय दल के नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय की व्यवस्था डब्ल्यूटीओ की वैधता का आधार है। इस बैठक में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रणाली में सुधार संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधारों में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं का समाधान होना चाहिए। 'पूर्व में तय एजेंडा सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया' के मुद्दे पर बोलते हुए, गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वैधता का आधार है, और यह महत्वपूर्ण है कि यह बहुपक्षीय संगठन सदस्यों के संप्रभु अधिकारों की अनदेखी न करे और ऐसे नियम थोपना की कोशिश न की जाए, जिन पर आम सहमति नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विश्वास के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत ने इस बात पर बल दिया कि डब्ल्यूटीओ को वर्तमान गतिरोध और इसके मूल कारणों का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चाएं पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित हों। भारत ने यह भी कहा कि एक एकीकृत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने संस्थागत ढांचे के भीतर टकराव के रहते हुए फल-फूल नहीं सकती। इस बैठक में सदस्यों को 'समान अवसर मिलने के मुद्दों' पर गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि चर्चाओं में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा मानक (पीएसएच) और कपास पर एसएसएम जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## ईरान जंग पर बात करने पाक जाएंगे 3 देशों के विदेश मंत्री

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्की में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। कतर और यूक्रेन ने एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों देश मिसाइल और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए तकनीक और अनुभव शेयर करेंगे।

### रूस की स्टेट ड्यूमा के साथ संबंधों के लिए समूह बनाया: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में रूस की संघीय सभा (ड्यूमा) के साथ बातचीत के लिए एक समूह बनाया जाएगा। यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य और स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने यह जानकारी दी है। वह हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। निकोनोव ने अमेरिका में पांच रूसी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के सहयोगियों और अमरीकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

# पाक को आईएमएफ से 1.2 अरब डॉलर का फंड मंजूर

## इस पैसे से पाक को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर आई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान के बीच करीब 1.2 अरब डॉलर को लेकर कर्मचारी स्तर का समझौता हो गया है।

यह समझौता हफ्तों तक चली लंबी बातचीत के बाद हुआ है। इस पैसे से पाकिस्तान को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया है। आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा। पहला है 'विस्तारित कोष सुविधा' (ईएफएफ) और दूसरा लचीलापन और स्थिरता सुविधा। ईएफएफ उन देशों को दी जाती है जो गंभीर संकट से जूझ रहे होते हैं, यानी जो लंबे समय तक भुगतान करने में सक्षम नहीं होते। आईएमएफ मिशन की प्रमुख इवा पेत्रोवा ने कहा कि आईएमएफ बोर्ड की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग 1 अरब डॉलर और आरएसफ के तहत 21 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इस समझौते तक पहुंचना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं था। आईएमएफ की टीम ने 25 फरवरी से 2 मार्च तक इस्लामाबाद और कराची में डेरा डाला था। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत में कई पेंच फंसे थे, जिसके कारण टीम बिना किसी समझौते के वापस लौट गई थी। इसके बाद कई दौर की वर्चुअल मीटिंग्स हुईं। दावा किया गया है कि इस दौरान पाकिस्तान सरकार ने भविष्य में कड़े आर्थिक फैसले लेने का भरोसा दिलाना दिलाया है। इसके बाद बातचीत बनी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपनी व्यापक आर्थिक नीतियों को और सख्त बनाना होगा। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, बिजली-गैस की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।




■ आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

## घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम, भारत पर कम, चीन-तुर्की व ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजरायल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है।

इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड आयल) पर निर्भर है। क्रूड आयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है। हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। मास्को में पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है। रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।



■ ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं, भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है

# 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलों से बाहर

■ यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, लगातार सातवां साल जब यह संख्या बढ़ी

**पेरिस/नई दिल्ली।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है। पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।



महिमा मकवाना एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो हिंदी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में अभिनय के लिए जानी जाती हैं । उन्होंने सपने सुहाने लड़कपन के रचना और सलमान खान के साथ बॉलीवुड फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ 2021 में काम करके पहचान बनाई । 5 अगस्त 1999 को मुंबई में जन्मी महिमा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी ।

# महिमा मकवाना संग दिखी अपारशक्ति की बेहतर केमिस्ट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना तेरे पीछे रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे।

तेरे पीछे एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं गुलाबी आसमान और आखिरी वार, जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। तेरे पीछे के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



# अल्लू ने २३ साल का फिल्मी सफर पूरा किया



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिग के दम पर उन्होंने जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार /अल्लू अर्जुन के 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।

## राम चरण के जन्मदिन पर पेड्डी पहलवान का लुक रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से पेड्डी पहलवान लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट पेड्डी पहलवान रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है, और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नही है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था।

# अडीवी सेश को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज

**मुंबई।** अभिनेता अड़ीवी सेश को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंची। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म डकैत के लिए शुभकामनाएं देने आई थी। इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि सेश का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म बाहुबली के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म कर्मा से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी



खास बन गई। अड़ीवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है।

## रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को रिवील होगी। रामायण 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसे एक भव्य सिनेमाई स्पेक्टेकल के रूप में ग्लोबल स्तर पर बनाया जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में और नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही यह दो भागों में आने वाली महाकाव्य फिल्म दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव टैलेंट को साथ लेकर एक ऐतिहासिक सिनेमाई इवेंट बनने की तैयारी में है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं।

# मुस्कान बामने महाराष्ट्रीयन लुक में हुई वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने नेसोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नौवारी साड़ी और नथ के साथ पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक में सबको चौंका दिया। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और सांस्कृतिक पलों से दर्शकों का दिल जीत रहा है।


हाल ही में गुड़ी पड़वा के मौके पर दिखाए गए सीक्वेंस ने स्क्रीन पर त्यौहार की रौनक और रंगीन माहौल भर दिया। किरदारों ने मिलकर इस शुभ अवसर को असली महाराष्ट्रीयन अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। मुस्कान बामने, जो शो में शनाया का किरदार निभा रही हैं, इस सीक्वेंस में पारंपरिक लुक में नज़र आईं। उन्होंने गुलाबी रंग की नौवारी साड़ी पहनी थी, जिसे कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज़ के साथ पेयर किया गया था। मुस्कान बामने ने कहा, जैसे ही मैंने नौवारी साड़ी पहनी, मेरा मूड तुरंत बदल गया। रंग इतने ब्राइट थे कि पूरा माहौल ही बदल गया। जब नथ और ज्वेलरी पहन ली, तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं सिर्फ कॉस्ट्यूम पहन रही हूं। शूटिंग के दौरान एक घरेलू सीन करते वक्त अचानक लगा कि सब कुछ कितना रियल है सेट, एनर्जी, लोग। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम शूट कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे घर पर असली सेलिब्रेशन हो रहा हो। यही वो पल हैं जो हमेशा याद रहते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



## बिलियनेयर को लेकर अटकलें तेज

# अर्जुन रामपाल निभा रहे हैं विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ओटीटी सीरीज बिलियनेयर में उद्योगपति विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हंसल मेहता की अपकमिंग ओटीटी सीरीज बिलियनेयर की घोषणा के साथ ही इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अर्जुन रामपाल इस सीरीज में एक ताकतवर उद्योगपति की भूमिका में नजर आएंगे, जिसकी कहानी महत्वाकांक्षा, सत्ता और नैतिक पतन के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही निर्माता इसे पूरी तरह काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन कहानी में नजर आ रही समानताओं ने अटकलों को हवा दे दी है। चर्चा है कि अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बिलियनेयर का मुख्य किरदार



किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है, बल्कि कई वास्तविक हस्तियों के गुणों का मिश्रण हो सकता है, जिससे कहानी और ज्यादा प्रभावशाली बनती है। हंसल मेहता इससे पहले भी स्कैम जैसी चर्चित सीरीज में सच और फिक्शन के बीच की रेखा को बारीकी से पेश कर चुके हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।फिलहाल मेकर्स ने कहानी को लेकर चुप्पी साध रखी है, लेकिन इतना तय है कि बिलियनेयर सत्ता, सफलता और उसकी कीमत की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगी। इस सीरीज का निर्देशन हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। लेखन अनुभाव चोपड़ा और शांतनु सागर का है, जबकि प्रभलीन संधू ने इसे ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह शो अमेज़न एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल लाइनअप का हिस्सा है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज ।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108